卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंध्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्नि जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त
हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 26 ♦अंक 191 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦शनिवार ♦18 अप्रैल 2026 ♦मूल्य दो रूपया




## चारधाम यात्रा का हुआ भव्य आगाज

### मुख्यमंत्री ने प्रथम जत्थे को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

ऋषिकेश। देवभूमि उत्तराखंड की सुप्रसिद्ध चारधाम यात्रा-2026 का शनिवार को ऋषिकेश स्थित आईएसबीटी परिसर में भव्य और विधि वत शुभारंभ हो गया। संयुक्त रोटेशन यात्रा समिति द्वारा आयोजित इस गौरवशाली समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने चारधाम जाने वाले तीर्थयात्रियों के पहले जत्थे को हरी झंडी दिखाकर गंतव्य के लिए रवाना किया। इस दौरान तीर्थयात्रियों पर हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा भी की गई, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यमंत्री ने दीप प्रज्वलित कर किया।



अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने देश-विदेश से आए श्रद्धालुओं का स्वागत करते हुए कहा कि राज्य सरकार सुरक्षित, सुगम और सुखद चारधाम यात्रा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा, ष्प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में उत्तराखंड में बुनियादी ढांचे का अभूतपूर्व विकास हुआ है। आज केदारनाथ और बद्रीनाथ धाम में पुनर्निर्माण कार्य अंतिम चरण में हैं, जिससे श्रद्धालुओं को पहले से बेहतर सुविधाएं मिल रही हैं। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में विशेष रूप से जोर देते हुए कहा कि हमारी सरकार का मूल मंत्र अतिथि देवो भवः है। हम सुनिश्चित कर रहे हैं कि यात्रा मार्ग पर स्वास्थ्य सेवाएं, पेयजल, स्वच्छता और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम हों। उन्होंने यात्रियों से आग्रह किया कि वे अपनी यात्रा को योजनाबद्ध तरीके से करें और प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों एवं पंजीकरण की प्रक्रिया का अनिवार्य रूप से पालन करें। मुख्यमंत्री ने यह भी बताया कि इस वर्ष चारधाम यात्रा के (शेष पृष्ठ सा पर)

## कार की टक्कर से ऑटो सवार महिला की मौत,आठ घायल

लालकुआ (उद संवाददाता)।राष्ट्रीय राजमार्ग पर आईओसी के डिपो के सामने बने अव्यवस्थित कट पर एक भीषण सड़क हादसे में हल्द्वानी से एकं ही परिवार के लोगों को बैठाकर लालकुआं की ओर जा रहे एक ऑटो को चौराहे पर अनियंत्रित कार से जोरदार टक्कर हो गई।



जिसके बाद ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में ऑटो सवार एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक ही परिवार के आठ लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मामले की सूचना मिलने पर पुली मौके पर पहुंचे और उन्होंने ऑटो सवार सभी लोगों को उपचार के लिए चिकित्सालय पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने एक महिला को मृत घोषित कर दिया। जबकि अन्य का उपचार किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार, लाइन नंबर-10, आजाद नगर बनभूलपुरा, हल्द्वानी निवासी शोएब अपने भाई शाहरुख (शेष पृष्ठ सा पर)




## ऑनलाइन ट्रेडिंग के नाम पर साढ़े चार लाख की साइबर ठगी

काशीपुर (उद संवाददाता)। साइबर ठगों ने ऑनलाइन ट्रेडिंग के माध्यम से मोटी कमाई का लालच देकर एक व्यापारी के खाते से साढ़े चार लाख रुपये से अधि क की रकम साफ कर दी। ठगों ने व्यापारी के नाबालिग पुत्र को अपने झांसे में लेकर इस बड़ी वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात जालसाजों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।जानकारी के अनुसार, बाजपुर रोड सांडखेड़ा निवासी राजेंद्र कुमार पुत्र राम लाल ने आईटीआई कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उनकी बाजपुर रोड पर श्बालाजी लुब्रिकेंट्सश के नाम से दुकान है। उनका 16 वर्षीय पुत्र दसवीं कक्षा का छात्र है, जो स्कूल के होमवर्क के लिए मोबाइल का उपयोग करता है। पीड़ित ने बताया कि दिसंबर 2025 में किसी अज्ञात व्यक्ति ने श्अजय ट्रेडर्सश के नाम से टेलीग्राम पर उनके पुत्र से संपर्क किया।ठगों ने किशोर को ऑनलाइन ट्रेडिंग में भारी मुनाफे का लालच देकर अपने जाल में फंसा लिया। इसके बाद आरोपियों ने अलग-अलग स्कैनर भेजकर बहकावे में आए छात्र से उसके पिता के बैंक ऑफ बड़ौदा के खाते से (शेष पृष्ठ सा पर)

## गूलरभोज और दिनेशपुर में अवैध धार्मिक ढांचों पर गरजा बुल्डोजर


रूद्रपुर (उद संवाददाता)। जिले में प्रशासन ने सरकारी भूमि पर अतिक्रमण के खिलाफ बड़ा अभियान चलाते हुए गूलरभोज-दिनेशपुर क्षेत्र में एक साथ कई अवैध धार्मिक संरचनाओं को ध्वस्त कर दिया। यह पूरी कार्रवाई तड़के भारी पुलिस बल की मौजूदगी में अत्यंत गोपनीय और मुस्तैद तरीके से की गई। प्रशासन की इस अचानक हुई कार्रवाई से अतिक्रमणकारियों में हड़कंप मच गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार ये सभी ध ार्मिक संरचनाएं सिंचाई विभाग की बेशकीमती भूमि पर अवैध कब्जा कर बनाई गई थीं। शासन के निर्देशानुसार लगभग तीन माह पूर्व जिला प्रशासन द्वारा



व्यापक सर्वे कराया गया था। सर्वे के उपरांत संबंधित लोगों और कमेटियों को नोटिस जारी कर भूमि के स्वामित्व और निर्माण संबंधी वैध दस्तावेज प्रस्तुत करने का पर्याप्त समय दिया गया था। तय समय सीमा के भीतर किसी भी पक्ष द्वारा संतोषजनक साक्ष्य प्रस्तुत न करने पर प्रशासन ने ध्वस्तीकरण की रणनीति तैयार की। इसके साथ ही ठंडा नाले क्षेत्र में भी अवैध कब्जों को लेकर सिंचाई विभाग ने समानांतर कार्रवाई शुरू की थी। इस मामले में कुछ कब्जाधारियों ने नोटिस मिलने के बाद उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया था लेकिन वहां से राहत नहीं मिलने पर वे सर्वोच्च न्यायालय पहुंचे और स्थगन आदेश प्राप्त कर लिया। हालांकि प्रशासन ने स्पष्ट किया कि जिन धार्मिक संरचनाओं को इस अभियान में ध्वस्त किया गया है उन पर न्यायालय का कोई भी स्थगन आदेश लागू नहीं था और वे पूर्णतः अवैध थीं। जिलाधिकारी नितिन भदौरिया ने अभियान की पुष्टि करते हुए कहा कि सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त बनाना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में (शेष पृष्ठ सा पर)

## विज्ञापन सूचीबद्धता समिति में भरत शाह सहित सात पत्रकारों को मिली अहम जिम्मेदारी

देहरादून। उत्तराखंड सरकार के सूचना एवं लोक संपर्क विभाग ने विज्ञापन सूचीबद्धता समिति का पुनर्गठन किया है। जारी संशोधित कार्यालय आदेश के अनुसार समिति में कुल 7 पत्रकार सदस्यों को नामित किया गया है, जिनमें उधम सिंह नगर के वरिष्ठ पत्रकार भरत शाह को भी शामिल किया गया। रुद्रपुर के वरिष्ठ पत्रकार भरत शाह के समिति सदस्य बनने पर उधम सिंह नगर के पत्रकारों में खुशी का माहौल है। स्थानीय पत्रकारों और सामाजिक संगठनों ने उन्हें बधाई देते हुए उम्मीद जताई है कि वे प्रिंट



मीडिया से जुड़ी समस्याओं को मजबूती से समिति के समक्ष रखेंगे और उनके समाधान में सक्रिय भूमिका निभाएंगे।मुख्यमंत्री द्वारा नामित सदस्यों के साथ-साथ विभिन्न मान्यता प्राप्त पत्रकार संगठनों से जुड़े प्रतिनिधियों को भी समिति में स्थान दिया गया है। यह समिति राज्य में प्रिंट मीडिया संस्थानों की विज्ञापन सूचीबद्धता, मान्यता एवं संबंधित प्रक्रियाओं पर निर्णय लेने में अहम भूमिका निभाएगी। इन पत्रकारों को मिली जिम्मेदारी समिति में देहरादून और अन्य जिलों से जुड़े वरिष्ठ पत्रकारों को शामिल किया गया है। इनमें जय सिंह रावत, भरत शाह, रविंद्र नाथ कोहली, दीन दयाल मित्तल, सम्राट सिंह, सुशील चमोली और गिरीश पंत जैसे नाम शामिल हैं। (शेष पृष्ठ सा पर)

## वेतन वृद्धि की मांग को लेकर फैक्ट्री कर्मियों का प्रदर्शन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। उत्तर प्रदेश के नोयडा में वेतन को लेकर श्रमिकों में बढ़ रहे भारी आक्रोश की चिंगारी अब यहां पंतनगर सिडकुल क्षेत्र में भी भड़कती दिखाई देने लगी है। हांलाकि यहां वेतन को लेकर मजदूर संगठनों के बैनर तले पिछले काफी समय से श्रमिक अपनी आवाज उठाते रहे हैं। परंतु उनकी आवाज हमेशा दबा दी गई। इसका गुबार आज उस समय देखने को मिला जब सिडकुल की कम्पनी के सैकड़ों महिला पुरूष श्रमिक वेतन वृद्धि सहित अन्य कई मांगों और कम्पनी प्रबंधन के उत्पीड़न के विरोध में सड़क पर उतर आये और उन्होंने कम्पनी गेट पर जोरदार प्रदर्शन करते हुए कम्पनी प्रबंधक पर आरोपों



की झड़ी लगा दी। उनका आरोप था कि वह कम्पनी में पिछले कई वर्षों से काम कर रहे हैं परंतु उनका अपेक्षित वेतन नहीं बढ़ाया जा रहा है। बार बार सिर्फ आश्वासन ही दिये जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि कम्पनी में मिलने वाले भोजन की गुणवत्ता निम्न स्तर की होती है। कई बार कहने के बावजूद भी इसमें कोई सुध ार नहीं हुआ। श्रमिकों का आरोप है कि प्रबंधन द्वारा निर्धारित समय से अधिक कार्य लिया जाता है और कोई ओवर टाईम नहीं दिया जाता। कुछ कहने पर कम्पनी से निकाल देने की धमकी दे जाती है। उन्होंने कहा कि(शेष पृष्ठ सा पर)

# अब हर मोबाइल बनेगा छोटा वकील

## एसएसजे विश्वविद्यालय ने बनाया 'विधि सहयोगी' एप



अल्मोड़ा (उद संवाददाता)। सूचना प्रौद्योगिकी और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के दौर में अब न्याय और कानून की पहुंच हर आम नागरिक के मोबाइल तक होने जा रही है। सोबन सिंह जीना (एसएसजे) विश्वविद्यालय ने ऐतिहासिक पहल करते हुए शविधि सहयोगीश नामक एआई आधारित एप्लिकेशन विकसित किया है। यह एप न केवल जटिल कानूनी शब्दावली को सरल भाषा में समझाएगा बल्कि लोगों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक कर विधिक सहायता को सुलभ बनाएगा।वर्तमान समय में आम आदमी के लिए कानूनी प्रक्रियाएं और धाराएं किसी भूलभुलैया से कम नहीं होतीं। इसी समस्या के समाधान के लिए विश्व विद्यालय की तकनीकी टीम और विद्यार्थियों ने इस अनूठे एप का निर्माण किया है। विश्व विद्यालय के कुलपति सतपाल सिंह बिष्ट ने हाल ही में प्रदेश के राज्यपाल ले. जनरल (सेनि) गुरमीत सिंह के समक्ष इस एप का विस्तृत प्रस्तुतीकरण दिया। कुलपति ने बताया कि इस एप का प्राथमिक लक्ष्य जनमानस को उनके कानूनी अधिकारों के प्रति सजग करना है। उपयोगकर्ता इस प्लेटफॉर्म के माध्यम से विभिन्न कानूनी विषयों की सटीक जानकारी प्राप्त कर सकेंगे और आवश्यकतानुसार विशेषज्ञों व अधिवक्ताओं से संपर्क भी कर सकेंगे। विश्वविद्यालय इस एप को केवल सूचनात्मक मंच तक सीमित नहीं रखना चाहता। इसके आगामी संस्करणों में ऑनलाइन परामर्श, केस ट्रैकिंग, दस्तावेज प्रबंधन और सरकारी योजनाओं की अपडेटेड जानकारी जैसी अत्याधुनिक सुविधाएं जोड़ी जा रही हैं। राजभवन में आयोजित प्रस्तुतीकरण के दौरान राज्यपाल ने विश्वविद्यालय के इस प्रयास की प्रशंसा की। उन्होंने कुलपति सतपाल सिंह बिष्ट और उनकी टीम को बधाई देते हुए कहा कि ऐसे नवाचार समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। राज्यपाल ने निर्देश दिए कि एप को समय-समय पर अपडेट किया जाए और इसका व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए जिससे ग्रामीण क्षेत्रों की जनता भी इसका लाभ उठा सके। राज्यपाल ने कहा कि विधि सहयोगी एप समाज में विधिक साक्षरता की कमी को दूर करने में मील का पत्थर साबित होगा। विश्वविद्यालय प्रशासन के अनुसार एप की टेस्टिंग का कार्य अंतिम चरण में है और आवश्यक संशोधनों के बाद इसे जल्द ही सार्वजनिक रूप से लॉन्च कर दिया जाएगा। इसके बाद आम जनता इसे प्ले स्टोर से डाउनलोड कर सकेगी।

# मकान को लेकर झगड़ा करते दो भाई गिरफ्तार

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। मकान पर कब्जे को लेकर आपस में झगड़ा कर क्षेत्र की शांति व्यवस्था भंग करने के आरोप में ट्रांजिट कैम्प कोतवाली पुलिस ने दो भाईयों को गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार शिवनगर मे दो सगे भाई लखपत सिह पुत्र नत्थू सिह निवासी आजाद नगर वार्ड न 4, ट्राजिट कैम्प व मदन लाल पुत्र



नत्थू सिह निवासी शिव नगर वार्ड न 9 ट्राजिट कैम्प के मध्य मकान के कब्जे को लेकर पूर्व से ही विवाद चल रहा है। पुलिस ने बताया कि दोनो भाई पूर्व मे भी लड़ाई झगड़ा कर चुके है जिस सम्बन्ध मे कोतवाली मे अभियोग पंजीकृत हुआ है। दोनो भाईयो के मध्य उक्त मकान को लेकर फिर झगड़ा हो गया। जिस पर पुलिस द्वारा दोनो को ही मौके पर समझाने बुझाने का प्रयास किया किन्तु दोनो के द्वारा पुलिस पार्टी के समक्ष ही झगड़ा जारी रखने पर पुलिस ने दोनों भाइयों को गिरफ्तार कर लिया।

# प्रमोद मित्तल के नेतृत्व में भंडारा सेवा अभियान जारी



रुद्रपुर (उद संवाददाता)। जनसेवा की भावना को चरितार्थ करते पिछले कई माह से भाजपा नेता एवं अधिवक्ता प्रमोद मित्तल के नेतृत्व में संचालित जनसेवा अभियान निरंतर जारी है। इस अभियान के अंतर्गत प्रतिदिन भंडारे का आयोजन कर निशुल्क भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है। साथ ही जरूरतमंद लोगों को दवाइयों का वितरण कर राहत प्रदान की जा रही है। इस सेवा कार्य से न केवल जरूरतमंदों को सहायता मिल रही है, बल्कि समाज में सेवा, सहयोग और संवेदना की भावना भी मजबूत हो रही है। सेवा कार्य प्रारंभ करने से पूर्व भगवान श्री हनुमान जी एवं भगवान शिव-पार्वती जी की पूजा-अर्चना कर समाज की सुख-समृद्धि, उत्तम स्वास्थ्य एवं कल्याण की कामना की जाती है। इस अवसर पर प्रमोद मित्तल ने कहा जनसेवा ही हमारा परम धर्म है और समाज के अंतिम व्यक्ति तक सहायता पहुंचाना हमारा कर्तव्य है। उन्होंने बताया कि यह अभियान कई माह से निरंतर चल रहा भंडारे है और इसमें अनेक सामाजिक कार्यकर्ता एवं नागरिक सक्रिय सहभागिता निभा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस सेवा अभियान का उद्देश्य केवल भोजन या दवा उपलब्ध कराना नहीं, बल्कि समाज में सकारात्मक सोच को बढ़ावा देना भी है, ताकि अधिक से अधिक लोग प्रेरित होकर सेवा कार्यों से जुड़ें। कार्यक्रम में डा. दीप्ति वर्मा, कुशल अग्रवाल, प्रमोद यादव, अमित मित्तल, निखिल चंडोक, नितिन अग्रवाल, अध्यक्ष, श्रीओम अग्रवाल, अनुज अग्रवाल, एडवोकेट मनीष मित्तल, पूजा मित्तल, शिवांश अग्रवाल, सुनील पचौरी, अंकित शर्मा, अनुराग शर्मा, मोहित सक्सेना,सुधीर डागर, मदन अग्रवाल, उदय वार्ष्णेय सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। इस दौरान रिंकू कालरा ने अपना जन्मदिन जनसेवा के माध्यम से जरूरतमंदों की सेवा कर मनाया।

# स्कूटी सवार चरस तस्कर गिरफ्तार

काशीपुर (उद संवाददाता)। कोतवाली पुलिस ने नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत एक युवक को भारी मात्रा में अवैध चरस के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 95 ग्राम चरस बरामद कर उसके विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई की है। जानकारी के अनुसार, पुलिस टीम गंगे बाबा रोड स्थित शव विश्राम स्थल के पास सघन चेकिंग अभियान चला रही थी। इसी दौरान एक स्कूटी सवार संदिग्ध व्यक्ति को रुकने का इशारा किया गया। पुलिस को देखकर वह सकपका गया, जिसके बाद टीम ने उसे घेराबंदी कर पकड़ लिया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 95 ग्राम अवैध चरस बरामद हुई। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम फरीद खां उर्फ बाबू पुत्र फारुख खां, निवासी मंझरा बताया। आरोपी ने पुलिस को जानकारी दी कि वह उक्त चरस रामनगर से सस्ते दामों पर खरीद कर लाया था और इसे ऊंचे दामों पर बेचने की फिराक में था। साथ ही उसने यह भी स्वीकार किया कि वह स्वयं भी नशे का आदी है। पुलिस ने आरोपी का एनडीपीएस एक्ट में चालान कर उसे न्यायालय के समक्ष पेश किया है। पुलिस टीम में उपनिरीक्षक देवेंद्र सिंह मेहता, देवेंद्र सामंत, कांस्टेबल मनोज जोशी और सचिन कुमार शामिल रहे।

# महिला से छेड़छाड़,विरोध करने पर पति का तोड़ा पैर

किच्छा (उद संवाददाता)। कोतवाली के लालपुर क्षेत्र में दबंगों द्वारा घर में अकेली महिला के साथ छेड़छाड़ करने और विरोध करने पर उसके परिवार के साथ बर्बरतापूर्ण मारपीट का मामला सामने आया है। हमले में महिला के पति का पैर टूट गया है। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है, लेकिन अब आरोपी रिपोर्ट वापस लेने के लिए परिवार को लगातार धमका रहे हैं।लालपुर पुलिस चौकी क्षेत्र की अर्जुन नगर कॉलोनी निवासी नंदिनी देवी पत्नी अरविंद कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 11 अप्रैल की शाम करीब 7 बजे वह घर पर अकेली थी। इसी दौरान स्थानीय निवासी सलमान अपने साथी हसनैन के साथ बदनीयती से उसके घर में घुस आया और छेड़छाड़ शुरू कर दी। शोर मचाने पर पीड़िता का पति अरविंद वहां पहुंच गया। पति के बीच-बचाव करने पर आरोपी धमकी देते हुए भाग निकले। पीड़िता का आरोप है कि सलमान काफी समय से उसका पीछा कर रहा था।घटना के कुछ देर बाद आरोपी सलमान और हसनैन अपने अन्य साथियों शिबू, आरिफ, फहीम व नईम के साथ लाठी-डंडों से लैस होकर दोबारा आए और परिवार पर हमला बोल दिया। इस हमले में अरविंद कुमार का एक पैर टूट गया और उनके शरीर पर गंभीर चोटें आईं। मारपीट के दौरान पीड़िता और उसकी ढाई वर्षीय पुत्री भी घायल हो गए। शोर सुनकर पड़ोसी मौके पर जुटे तो आरोपी पुलिस को सूचना देने पर अंजाम भुगतने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है, हालांकि पीड़िता का कहना है कि आरोपी अब भी खुलेआम घूम रहे हैं और रिपोर्ट वापस लेने का दबाव बना रहे हैं, जिससे पूरा परिवार खौफ में है। पीड़िता ने प्रशासन से जान-माल की सुरक्षा की गुहार लगाई है।

# चैती मेले की अवधि 24 अप्रैल तक बढ़ाने की मांग

काशीपुर। चैती मेला अवधि एक सप्ताह और बढ़ाने को लेकर जिलाधिकारी को पत्र भेजा गया है ताकि व्यापारियों को हो रहे आर्थिक नुकसान की भरपाई हो सके।मेयर द्वारा भेजें पत्र में उल्लेख किया है कि श्री चैती मेला 19 मार्च से 17 अप्रैल तक आयोजित किया गया था, लेकिन शुरुआती चार दिनों में अत्यधिक बारिश के कारण मेले की गतिविधियां प्रभावित रहीं। इसके बाद एलपीजी गैस से जुड़ी समस्याओं के चलते भी श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों की संख्या अपेक्षाकृत कम रही, जिससे मेला परिसर में लगे झूले, मनोरंजन के साधन और अन्य व्यापारियों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। वर्तमान समय में नगर क्षेत्र के लोग और किसान बड़ी संख्या में मेले में पहुंच रहे हैं, ऐसे में मेला अवधि बढ़ाने से व्यापारियों को राहत मिल सकती है। भेजे पत्र में अनुरोध किया है कि मेला अवधि को 18 अप्रैल से 24 अप्रैल तक बढ़ाने की स्वीकृति प्रदान की जाए।

# अवैध शराब संग तस्कर गिरफ्तार

रुद्रपुर। ट्रांजिट कैम्प कोतवाली पुलिस ने चौंकिंग के दौरान एक नशा तस्कर को अवैध शराब ले जाते गिरफ्तार कर लिया। पुलिस टीम ने चेकिंग करने के दौरान हनुमान मंदिर वाली गली शास्त्रीनगर में संदिग्ध रुप से जाते एक व्यक्ति को रोककर उससे पूछताछ की तो उसने अपना नाम पता राजवीर पुत्र स्वर्गीय प्रेम सिंह निवासी शास्त्रीनगर गड्ढा कॉलोनी बताया । तलाशी लेने पर उसके पास से 24 पाउच अवैध शराब बरामद हुई। पुलिस ने शराब कब्जे में लेकर राजवीर को गिरफ्तार कर लिया।

उत्तराखण्ड पॉवर कारपोरेशन लि., कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
विद्युत वितरण खण्ड-किच्छा, ऊधमसिंह नगर-263148
ई-मेल- eddkichha@gmail.com

**विद्युत बाधित सूचना**

विद्युत वितरण खण्ड किच्छा के अधीन माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा घोषणा सं0 205/217 के अन्तर्गत विधान सभा किच्छा शहर में आदित्य चौक से डी0डी0 चौक से होते हुए दरऊ चौराहे तक मार्ग चौड़ीकरण एवं सौन्दीयकरण कार्य हेतु यूटीलिटी शिफ्टिंग का कार्य होना प्रस्तावित है। जिसमें सारणी अनुसार निम्नलिखित तिथि को विद्युत आपूर्ति पूर्णतः/आंशिक रूप से बाधित रहेगी।

अतः आपसे अनुरोध है कि विभाग को सहयोग करने की कृपा करें व उक्त समयावधि में वैकल्पिक व्यवस्था भी करने का कष्ट करें तथा इन्वर्टर व जनरेटर को चलाते समय ग्रिड लाईन से अलग करके ही चलाये जिससे बैंक फिडिंग के कारण किसी भी अप्रिय घटना से बचाव हो सके।

| क्रम0 सं0 | उपसंस्थान का नाम | प्रभावित पोषक | प्रभावित क्षेत्र | तिथि | समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 33/11 के0वी0 उपसंस्थान, किच्छा | 33के0वी0 एस0आर0होण्डा | सम्बन्धित पोषक के क्षेत्रान्तर्गत समस्त पोषित होने वाले घरेलु, वाणिज्य एवं औद्योगिक पोषक | 19.04.2026 | प्रातः 09:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक |
| 2 | 33/11 के0वी0 उपसंस्थान, कुरैया, किच्छा | 33के0वी0 कुरैया (सी0बी0 – 10 नं0) | | | |
| 3 | | 33के0वी0 के0एम0 पेपर मिल, कुरैया | | | |
| 4 | 33/11 के0वी0 उपसंस्थान, पन्तनगर | 33के0वी0 पन्तनगर (सी0बी0 – 06 नं0) | | | |
| 5 | 33/11 के0वी0 उपसंस्थान, किच्छा | 11के0वी0 टाउन द्वितीय पोषक | | | |
| 6 | 33/11 के0वी0 उपसंस्थान, कुरैया, किच्छा | 11के0वी0 मिलक पोषक | | | |
| 7 | 33/11 के0वी0 उपसंस्थान जी0आई0एस0 किच्छा | 11के0वी0 टाउन तृतीय पोषक | | | |

Customer Care Toll Free No- 1912
" Pay Electricity Bill online 24x7 from www.upcl.org"
(राष्ट्र हित में बिजली बचायें)

पत्रांक- 169/वि.वि.ख.(कि.)/ दिनांक 17.04.2026

अधिशासी अभियन्ता

जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
काशीपुर बाईपास रोड,
गुरुनानक कन्या इण्टर कालेज के सामने गली में, रुद्रपुर
E-mail: jagdishcolourlab@gmail.com
Web: jagdishcolourlab.com
05944-246817

**कार्यालय जिला पंचायत, ऊधम सिंह नगर**

**ठेकेदारी पंजीकरण सूचना**

सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है कि जिला पंचायत, ऊधम सिंह नगर द्वारा वित्तीय वर्ष 2026-27 में निर्माण कार्यों के सम्पादन हेतु ठेकेदारी पंजीकरण / नवीनीकरण आवेदन पत्र आमन्त्रित किये जाते हैं, जो अपर मुख्य अधिकारी, को प्रेषित होंगे। समस्त पंजीकरण / नवीनीकरण वर्तमान में प्रचलित निर्माण नियमावली के अनुरूप किये जायेगें। उपरोक्त से सम्बन्धित आवेदन पत्र दिनांक 30 अप्रैल 2026 सायं 4:00 बजे तक किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त किये जा सकते हैं। आवेदन पत्र के साथ निम्नलिखित अभिलेख प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

1. उपजिलाधिकारी महोदय, द्वारा निर्गत कम से कम रू0 5.00 लाख का वैद्य हैसियत प्रमाण पत्र। (छः माह से पूर्व की न हो)
2. उपजिलाधिकारी महोदय, द्वारा निर्गत चरित्र प्रमाण पत्र। (छः माह से पूर्व की न हो)
3. आयकर विभाग द्वारा निर्गत पंजीयन प्रमाण पत्र।
4. जी0एस0टी0 पंजीयन प्रमाण पत्र।
5. इस आशय का हलफनामा (नोटरी) कि आवेदनकर्ता जिला पंचायत, ऊधम सिंह नगर के मा0 अध्यक्ष/मा0 सदस्यगण /अधिकारियों का निकट सम्बन्धी / रिश्तेदार नहीं है।
6. किसी विभाग में ब्लैक लिस्टेड होने की दशा में ठेकेदारी पंजीकरण हेतु पात्र नहीं होंगे। (स्वप्रमाणित प्रमाण पत्र)
7. स्वप्रमाणित पासपोर्ट साईज 02 अदद नवीनतम फोटो।
8. स्वप्रमाणित आधार कार्ड की छायाप्रति।
9. पंजीकरण का सक्षम प्राधिकारी से स्वीकृति उपरान्त ठेकेदार को निर्धारित स्थायी जमानत रू0 1,50,000.00 एन0एस0सी0 के रूप में जो अपर मुख्य अधिकारी के पदनाम से बन्धक होगी जमा करना होगा। ठेकेदारी पंजीकरण शुल्क एवं ठेकेदारी नवीनीकरण शुल्क कार्यालय में नगद जमा करना होगा।

(नोट : पंजीकरण हेतु फार्म निर्धारित शुल्क देकर कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते हैं।)

अपर मुख्य अधिकारी
जिला पंचायत, ऊधम सिंह नगर

अध्यक्ष
जिला पंचायत, ऊधम सिंह नगर

पत्रांक-117/विज्ञप्ति/2026-27 दिनांक 16.04.2026

# बंगाली समाज ने फूंका कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष का पुतला



रूद्रपुर। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल और कांग्रेस पार्टी के खिलाफ रूद्रपुर के संजयनगर खेड़ा क्षेत्र में बंगाली समाज ने भारी आक्रोश व्यक्त किया है। शुक्रवार को बंगाली समाज के लोगों ने सोशल मीडिया पेज श्गणेश गोदियाल वॉइस ऑफ उत्तराखंड कांग्रेसश पर बंगाली समाज को कथित तौर पर बांग्लादेशी घुसपैठिया बताने वाली पोस्ट के विरोध में प्रदेश अध्यक्ष का पुतला दहन किया।बंगाली महासभा के प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार साह ने कहा कि तराई की बसावट और विकास में बंगाली समाज का अहम योगदान है। उन्होंने कहा कि यह समाज अपनी आस्था से समझौता न करते हुए अपने ही देश में शरणार्थी बनने को विवश हुआ और यहाँ आकर बसा। लेकिन कांग्रेस समर्थित सोशल मीडिया पेज द्वारा बंगाली समाज को घुसपैठिया बताना और डेमोग्राफी बदलने का आरोप लगाना बेहद शर्मनाक और निंदनीय है। साह ने कहा कि हालांकि गणेश गोदियाल इसे एआई द्वारा निर्मित फर्जी पोस्ट बता रहे हैं, लेकिन यदि वह पेज उनके संरक्षण में नहीं है तो उन्होंने अब तक संचालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज क्यों नहीं कराई। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस का यह दोहरा चरित्र दर्शाता है कि वह कभी बंगाली समाज की हितैषी नहीं रही।इस दौरान वक्ताओं ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा जाति प्रमाण पत्र से पूर्वी पाकिस्तान शब्द हटाने के फैसले की सराहना करते हुए कहा कि एक ओर भाजपा सरकार सम्मान दे रही है, तो दूसरी ओर कांग्रेस अपमानित कर रही है। पूर्व मंडी अध्यक्ष केके दास और बंगाली नेता शिवकुमार राय ने चेतावनी दी कि यदि कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने इस कृत्य के लिए सार्वजनिक माफी नहीं मांगी, तो पूरे जिले में उग्र प्रदर्शन किया जाएगा और आने वाले चुनावों में समाज इसका मुंहतोड़ जवाब देगा।विरोध प्रदर्शन के दौरान पूर्व मंडी चेयरमैन केके दास, रोबिन विश्वास, शिवकुमार राय, सुदीप डे, विशाल शील, अखिल विश्वास, मिंटू जोरदार, अम्ल मंडल, बृजेन्द्र मंडल, अखिल सेन, अजीत गायन, प्रमोद ढाली, नरेश, हँसू विश्वास, गणेश मंडल, सुरेश मंडल, विधान, सुधांशु, निधि हलदार आदि लोग थे।

# संदिग्ध हालातों में युवक का शव मिलने से सनसनी

रामनगर (उद संवाददाता)। रामनगर के सबसे व्यस्ततम भवानीगंज चौराहे पर शुक्रवार दोपहर एक युवक का शव मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुँचे पुलिस कर्मियों ने 108 एम्बुलेंस की मदद से युवक को उपचार के लिए रामनगर के सरकारी अस्पताल पहुँचाया, जहाँ चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के संबंध में जानकारी देते हुए स्वर्गीय रामदत्त जोशी राजकीय संयुक्त चिकित्सालय के चिकित्सक डॉक्टर सारिक ने बताया कि सोनू उम्र 35 वर्ष निवासी ग्राम शिवलालपुर रिडनिया को 108 की मदद से अस्पताल लाया गया था। उन्होंने बताया कि जब स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तो पता चला कि युवक की पहले ही मौत हो चुकी है। अस्पताल प्रबंधन द्वारा घटना की आधिकारिक जानकारी पुलिस को दे दी गई है। इधर, युवक की मौत की खबर मिलते ही परिजन अस्पताल पहुँच गए, जिससे वहाँ कोहराम मच गया। घटना को लेकर पुलिस भी सक्रिय हो गई है और मामले की गहनता से जाँच कर रही है। पुलिस का कहना है कि युवक का शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने की कार्रवाई की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा। फिलहाल पुलिस चौराहे के आसपास लगे कैमरों और अन्य साक्ष्यों के आधार पर मामले की पड़ताल में जुटी है।

# खालसा साजना दिवस और बैसाखी पर्व पर सजा विशेष धार्मिक दीवान



गदरपुर (उद संवाददाता)। गुरुद्वारा श्री गुरु हरगोबिंद सर नवाबगंज में खालसा साजना दिवस एवं बैसाखी पर्व श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर आयोजित विशेष दीवान में वक्ताओं द्वारा पंथ के ऐतिहासिक पक्षों को संगत के सम्मुख रखा गया। कविश्री जत्था भाई सतनाम सिंह शौकी ने बताया कि गुरु गोबिंद सिंह ने वर्ष 1699 की बैसाखी पर श्री केशगढ़ साहिब, आनंदपुर साहिब में पांच प्यारों की परीक्षा लेकर उनके शीश मांगते हुए उन्हें पुन: जीवनदान देकर पांच प्यारों का रूप दिया था। उन्होंने वचन किया था कि पांच प्यारों का हुक्म सारे सिख पंथ के लिए मान्य होगा।कार्यक्रम का शुभारंभ श्री गुरु ग्रंथ साहिब के अखंड पाठ के भोग के उपरांत भाई हरजीत सिंह द्वारा गुरबाणी कीर्तन से किया गया। इसके पश्चात बाबा कृपाल सिंह स्वालेपुर वाले, कथावाचक भाई जसवीर सिंह, नरेंद्र सिंह, रागी शंकर सिंह और कविश्री भाई बलविंदर सिंह द्वारा गुरबाणी कथा एवं कीर्तन के माध्यम से इतिहास के विभिन्न पक्षों का विस्तार से वर्णन किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन करमजीत सिंह द्वारा किया गया। इस धार्मिक आयोजन के दौरान दिन भर गुरु का लंगर अटूट चलता रहा जिसमें भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। गुरुद्वारा श्री गुरु हरगोबिंदसर नवाबगंज के मुख्य सेवादार वीर अनूप सिंह द्वारा कार्यक्रम में पहुँची संगत का आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के तमाम गण मान्य व्यक्ति और सेवादार उपस्थित रहे।

# लाखों की स्मैक सहित दो तस्कर दबोचे



रूद्रपुर। पुलिस ने अलग अलग स्थानों से दो तस्करों को लाखों रूपये की स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय गणपति द्वारा जनपद में नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान ऑपरेशन प्रहार के अंतर्गत सिडकुल चौकी प्रभारी सुरेंद्र प्रताप बिष्ट के नेतृत्व में पुलिस टीम कलेक्ट्रेट परिसर के आसपास गश्त और चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान पानी की टंकी के पीछे रास्ते पर एक संदिग्ध व्यक्ति दिखाई दिया। पुलिस ने जब उसे रोककर तलाशी ली तो उसके कब्जे से 14.46 ग्राम स्मैक बरामद हुई। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम वंशज मखीजा पुत्र स्व. प्रमोद मखीजा निवासी आवास विकास, ट्रांजिट कैंप उम्र 33 वर्ष बताया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसके विरुद्ध थाना पंतनगर में धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत कर लिया है।बरामद स्मैक की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत 4 लाख रुपये से अधिक आंकी गई है। पुलिस टीम में चौकी प्रभारी सुरेंद्र प्रताप बिष्ट के साथ उपनिरीक्षक अनिल मेहता और कांस्टेबल नितिन कुमार शामिल रहे। वहीं दूसरी कार्रवाई में शुक्रवार शाम उपनिरीक्षक चन्दन सिंह बिष्ट पुलिस टीम के साथ रम्पुरा चौकी क्षेत्र में शांति व्यवस्था और अपराध नियंत्रण हेतु गश्त पर थे। इस दौरान दूधियानगर तिराहे के पास एक संदिग्ध व्यक्ति पुलिस को देखकर भागने लगा। पुलिस टीम ने मुस्तैदी दिखाते हुए पीछा कर उसे रामलीला ग्राउंड के पास ईंटों के ढेर के पास दबोच लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम राजा राजपूत पुत्र दाताराम, निवासी वार्ड नंबर 13, दूधियानगर बताया।तलाशी लेने पर उसके कब्जे से एक पारदर्शी पन्नी में मटमैला डलीदार पदार्थ और कागज की पुड़िया बरामद हुई। ड्रग डिटेक्शन किट से जांच करने पर पदार्थ के स्मैक होने की पुष्टि हुई। इलेक्ट्रॉनिक तराजू से वजन करने पर स्मैक का कुल शुद्ध वजन 3.57 ग्राम पाया गया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह यह स्मैक लालपुर क्षेत्र से किसी युवक से लेकर आया था और इसे बेचने का काम करता है। पुलिस ने उसके पास से स्मैक बेचकर कमाए गए 400 रुपये भी बरामद किए हैं। पुलिस टीम में उपनिरीक्षक चन्दन सिंह बिष्ट के साथ कांस्टेबल महेन्द्र कुमार, महेश राम और मोहन खाती शामिल रहे। पुलिस अब स्मैक के मुख्य स्रोत का पता लगाने का प्रयास कर रही है।

# किसान आयोग उपाध्यक्ष नामधारी का किया भव्य स्वागत



रूद्रपुर। उत्तराखंड सरकार के किसान आयोग के नवनियुक्त उपाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह नामधारी के प्रथम जिला आगमन पर भाजपा कार्यकर्ताओं और क्षेत्रवासियों ने उनका जोरदार स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं ने उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट कर उनके सफल कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश मंत्री धीरेंद्र मिश्रा ने उपाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह नामधारी से किसानों के हितों से जुड़े विभिन्न गंभीर मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की। धीरेंद्र मिश्रा ने कहा कि भाजपा सरकार हमेशा से अन्नदाता की सच्ची हितैषी रही है और उनके कल्याण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने विश्वास जताया कि नामधारी के कुशल नेतृत्व में प्रदेश के किसानों की समस्याओं का न केवल त्वरित समाधान होगा, बल्कि कृषि क्षेत्र विकास की नई ऊंचाइयों को छुएगा। धीरेंद्र मिश्रा ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं का लाभ सीधे किसानों तक पहुँच रहा है। डिजिटल आईडी जैसी आधुनिक पहल से किसानों को सरकारी सुविधाओं का लाभ लेने में और अधिक सुगमता होगी। उन्होंने जानकारी दी कि वर्तमान में गेहूं खरीद केंद्रों पर बेहतर व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं ताकि किसानों को अपनी फसल बेचने में किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने आगे कहा कि प्रशासनिक स्तर पर किसानों की फाइलों और समस्याओं के निस्तारण में तेजी लाने के निर्देश दिए गए हैं। भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश मंत्री ने दोहराया कि पार्टी का मुख्य लक्ष्य अंतिम छोर पर खड़े किसान तक योजनाओं का लाभ पहुँचाना है। स्वागत कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी और क्षेत्र के प्रगतिशील किसान उपस्थित रहे।

# कांग्रेस का महिला विरोधी चेहरा बेनकाब: विकास शर्मा



रूद्रपुर। महिला आरक्षण विधेयक (नारी शक्ति वंदन अधिनियम) के संसद में पारित न हो पाने पर गहरा रोष व्यक्त करते हुए महापौर विकास शर्मा ने कांग्रेस और विपक्षी गठबंधन पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि 18 अप्रैल का दिन इतिहास में विपक्ष की उस 'सियासी हार' के रूप में याद किया जाएगा, जहाँ उन्होंने अपनी हताशा में देश की आधी आबादी के अधिकारों की बलि चढ़ा दी। महापौर विकास शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संकल्प था कि नए भारत की संसद में मातृशक्ति केवल नीति निर्धारण का हिस्सा न बने, बल्कि नेतृत्वकारी भूमिका में हो। इसी सोच के साथ यह ऐतिहासिक कदम उठाया गया था। लेकिन कांग्रेस और उसके सहयोगियों ने जिस तरह से सदन के भीतर इस विधेयक का विरोध किया और वोटिंग के समय पीठ दिखाई, वह इस देश की हर उस महिला का अपमान है जो स्वाभिमान के साथ आगे बढ़ना चाहती है। विपक्ष ने केवल एक कानून को नहीं रोका, बल्कि उन्होंने उन करोड़ों बेटियों की उम्मीदों पर प्रहार किया है जो भविष्य में देश की बागडोर संभालने का सपना देख रही थीं। उन्होंने कांग्रेस की मंशा पर सवाल उठाते हुए कहा कांग्रेस ने दशकों तक देश पर राज किया, लेकिन कभी भी महिलाओं को उनका वाजिब हक देने की ईमानदारी नहीं दिखाई। जब मोदी सरकार ने साहस के साथ यह बिल पेश किया, तो कांग्रेस ने कभी परिसीमन तो कभी अन्य तकनीकी बहाने बनाकर इसमें रोड़े अटकाए। विपक्ष की ये साजिशें दर्शाती हैं कि वे केवल परिवारवाद और तुष्टिकरण की राजनीति करना जानते हैं, उन्हें राष्ट्र की नारी शक्ति के उत्थान से कोई सरोकार नहीं है। सदन में विपक्ष द्वारा बजाई गई तालियां दरअसल उनकी जीत का जश्न नहीं, बल्कि उनके वैचारिक पतन का मातम है। महापौर ने आगे कहा अब भाजपा का एक-एक कार्यकर्ता जनता की अदालत में जाएगा।हम महिलाओं को बताएंगे कि कैसे उनके हक की लड़ाई लड़ने वाले मोदी जी के हाथों को विपक्ष ने रोकने की कोशिश की है। अब जनता तय करेगी कि उसे विकास और सम्मान देने वाली सरकार चाहिए या फिर महिला अधिकारों का गला घोंटने वाला स्वार्थी विपक्ष।

# सेवानिवृत्त फौजी की पत्नी की आंखों से दो जरूरतमंदों के जीवन में आएगा उजाला

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सेवानिवृत्त फौजी आत्माराम गिरी की धर्मपत्नी भूरी देवी के निधन के बाद उनके परिजनों ने नेत्रदान कर समाज के सम्मुख मानवता की अनूठी मिसाल पेश की है। परिजनों की सहमति के उपरांत सीआर मित्तल नेत्रदान केंद्र की टीम ने डॉक्टर एलएम उप्रेती की देखरेख में नेत्रदान की प्रक्रिया पूरी की। इस दौरान आई टेक्नीशियन मनीष रावत ने आवश्यक औपचारिकताएं पूरी करते हुए सफलतापूर्वक कॉर्निया संग्रह किया। महाराजा अग्रसेन ग्लोबल चैरिटेबल ट्रस्ट के चेयरमैन एसके मित्तल के निर्देशन में संपन्न इस पुनीत कार्य की क्षेत्र में सभी ने सराहना की है। ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने परिवार के इस निर्णय को अनुकरणीय बताते हुए आभार व्यक्त किया। परिजनों ने बताया कि भूरी देवी के नेत्र अब दो जरूरतमंद लोगों के जीवन में रोशनी लाएंगे। इस अवसर पर उनके पुत्र कृष्ण कुमार गिरी, महिपाल गिरी, श्रवण गिरी, आशा गिरी, पार्षद गौरव गिरी, अंशुल, आशु, वंश, वंशिका, इशिका और भाजपा की पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष स्वर्गीय राजकुमारी गिरी की पुत्री तथा भूरी देवी की पौत्री समाजसेविका अमृताराजकुमारी गिरी सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। शोक संतप्त परिवार के इस साहसिक निर्णय की हर ओर प्रशंसा हो रही है।



# साहिबजादे चौक पर खंडा साहिब स्थापित करने के लिए सीएम को भेजा पत्र

गदरपुर (उद संवाददाता)। क्षेत्र के सर्वांगीण विकास और धार्मिक आस्था के सम्मान की दिशा में भाजपा प्रदेश मंत्री गुंजन सुखीजा ने महत्वपूर्ण पहल की है। उन्होंने उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को पत्र लिखकर गदरपुर स्थित एनएच 74 पर प्रसिद्ध साहिबजादे चौक पर सिख धर्म के पवित्र प्रतीक 'खंडा साहिब' को स्थायी रूप से स्थापित करने की मांग की है। साहिबजादे चौक सिख धर्म में अटूट आस्था का केंद्र है जहाँ प्रतिवर्ष गुरु गोविंद सिंह के साहिबजादे बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह की महान शहादत की स्मृति में विशाल कीर्तन एवं लंगर का आयोजन किया जाता है। इस आयोजन में हर साल लगभग 30,000 से अधिक श्रद्धालु अपनी श्रद्धा अर्पित करने पहुँचते हैं। गुंजन सुखीजा की इस मांग को गंभीरता से लेते हुए मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा सचिव संस्कृति विभाग को इस संबंध में आवश्यक कार्यवाही करने के कड़े निर्देश जारी कर दिए गए हैं। इस सकारात्मक कदम से क्षेत्र के लोगों में हर्ष की लहर है। भाजपा प्रदेश मंत्री गुंजन सुखीजा ने कहा कि साहिबजादे चौक पर खंडा साहिब की स्थापना होने से न केवल इस स्थान का धार्मिक महत्व बढ़ेगा बल्कि यह सिख समुदाय की गौरवशाली परंपराओं और भावनाओं के प्रति एक बड़ा सम्मान होगा। उन्होंने कहा कि उनका प्रयास गदरपुर को न केवल बुनियादी सुविधाओं बल्कि सांस्कृतिक पहचान के मामले में भी अग्रणी बनाना है। मुख्यमंत्री के त्वरित संज्ञान लेने पर क्षेत्र के प्रबुद्ध नागरिकों ने आभार जताया है।

# मुडिया अखण्ड महानाम संकीर्तन आयोजित

रूद्रपुर। ग्राम मुडिया खानपुर में आयोजित अखण्ड महानाम संकीर्तन महोत्सव में भक्ति की बयार बही। इस धार्मिक अनुष्ठान में पूर्व विधायक एवं कांग्रेस नेता राजकुमार ठुकराल ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम में कीर्तन मंडलियों ने अपने भावपूर्ण और मधुर भजनों से उपस्थित श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर मंदिर समिति और ग्रामीणों द्वारा राजकुमार ठुकराल का भव्य स्वागत किया गया और उन्हें स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से ग्राम प्रधान सुमंगल राय, हरे कृष्ण दास, विजय सिकदार, दीपक गाइन, विद्युत सिकदार, गोपाल, श्यामली ढाली, सत्यजीत, आनंद मण्डल, अजीत मण्डल, बाबू पाण्डे, प्रभाष वसु, तपन सिकदार सहित तमाम श्रद्धालु मौजूद रहे।



# सीएम हेल्पलाइन पर लंबित शिकायतों का हो त्वरित निस्तारण: सीएम

## सीएम ने ली सचिवालय में सीएम हेल्पलाइन-1905 की समीक्षा बैठक, अधिकारियों को दिये दिशा निर्देश



देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने निर्देश दिए हैं कि सीएम हेल्पलाइन-1905 पर 30 दिनों से अधिक समय से लंबित शिकायतों के त्वरित निस्तारण के लिए विशेष अभियान चलाया जाए। उन्होंने कहा कि शिकायतों को फोर्स क्लोज करने के मामलों में जिलाधिकारी, विभागाध्यक्ष या संबंधित सचिव की संस्तुति के बिना किसी भी स्तर पर फोर्स क्लोज की कार्रवाई न की जाए। शुक्रवार को सचिवालय में सीएम हेल्पलाइन-1905 की समीक्षा बैठक के दौरान मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने ये निर्देश अधिकारियों को दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि बिना पर्याप्त कार्यवाही किए यदि कोई अधिकारी शिकायत को फोर्स क्लोज करता है, तो संबंधित अधिकारी की जवाबदेही तय की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि सीएम हेल्पलाइन-1905 केवल एक दूरभाष संख्या नहीं, बल्कि प्रदेश की जनता की अपेक्षाओं और विश्वास का महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि हेल्पलाइन पर प्राप्त प्रत्येक शिकायत का निस्तारण शिकायतकर्ता की पूर्ण संतुष्टि सुनिश्चित होने तक किया जाए। उन्होंने शासन के अधिकारियों, विभागाध्यक्षों तथा सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि लंबित शिकायतों की नियमित समीक्षा बैठक आयोजित कर उनके शीघ्र समाधान की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि सीएम हेल्पलाइन पर दर्ज शिकायतों को मुख्यमंत्री कार्यालय में प्राप्त प्रत्येक शिकायत की तरह गंभीरता से लिया जाए। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि जिलाधिकारी स्तर पर प्रत्येक सप्ताह तथा विभागीय सचिव स्तर पर प्रत्येक माह में कम से कम दो बार शिकायतों की समीक्षा की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि सीएम हेल्पलाइन की सफलता का वास्तविक आकलन तभी संभव है, जब शिकायतकर्ता यह अनुभव करें कि सरकार ने उनकी समस्या को गंभीरता से लेते हुए समयबद्ध और प्रभावी समाधान प्रदान किया है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिकायतकर्ताओं से सीधे संवाद स्थापित कर उनका फीडबैक प्राप्त किया जाए तथा उच्च स्तर पर शिकायतों की नियमित मॉनिटरिंग की जाए। बैठक में जानकारी दी गई कि मुख्यमंत्री (सीएम) हेल्पलाइन पर प्राप्त शिकायतों के प्रभावी क्रियान्वयन के लिये ए.आई. डेटा संचालन एवं शिकायत प्रबन्धन पर ध्यान दिया जा रहा है। इसमें शिकायतों का पूर्वानुमान एवं हॉट स्पॉट की पहचान कर प्राथमिकता के साथ मजबूत समाधान एवं निगरानी प्रणाली को विकसित करने में मदद मिली है। ए.आई. आधारित प्रक्रिया से विभिन्न मौसमों के अनुरूप प्राप्त होने वाली शिकायतों के त्वरित समाधान में मदद मिल रही है। ग्रीष्म कालीन शिकायत में प्रमुख रूप से पेयजल, ऊर्जा, शहरी विकास एवं गृह विभाग से शिकायतें शामिल रही हैं, जिनका निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर किया गया है। सी.एम. हेल्प लाइन के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ने के साथ कॉल वॉल्यूम में वृद्धि के साथ समाधान की राह भी प्रशस्त हुई है। सी.एम. हेल्प लाइन में जनपद वार जन शिकायतों के विश्लेषण से स्पष्ट हुआ है कि देहरादून, हरिद्वार और ऊधमसिंह नगर में अधिक शिकायतें दर्ज हुई हैं, जबकि उत्तरकाशी और चम्पावत बेहत्तर प्रदर्शन करने वाले जिलों में शामिल है। मुख्यमंत्री ने समीक्षा के दौरान अधिकतम शिकायतों का निस्तारण करने वाले अधिकारियों से वार्ता कर ऐसे अधिकारियों की सराहना करते हुए उन्हें सभी के लिए प्रेरणाश्रोत बताया। इसी क्रम में मुख्यमंत्री ने ऊर्जा विभाग, उत्तरकाशी में कार्यरत अधिशासी अभियंता मनोज गुसाई और ऊर्जा विभाग, पौड़ी में कार्यरत अधिशासी अभियंता अभिनव रावत से वार्ता की तथा उनके प्रयासों की सराहना की। श्री मनोज गुसाई ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि उनके द्वारा नियमित रूप से 1905 में आई शिकायत की मॉनिटरिंग की जाती है। साथ ही विभाग के अंतर्गत एक स्पेशल सेल बनाई गई है जो लोगों से बात कर उनकी समस्याओं का समाधान करती है। श्री अभिनय रावत ने मुख्यमंत्री को बताया कि उनके द्वारा विभाग के अंतर्गत कोऑर्डिनेशन कमिटी बनाई गई है एवं 1905 मोबाइल ऐप के माध्यम से नियमित मॉनिटरिंग की जाती है। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने शिकायतकर्ताओं से भी वार्ता की। इसी क्रम में उन्होंने देहरादून की विना ढींगरा की समस्या सुनी। विना ढींगरा ने बताया कि वो मार्च 2023 में सहायक अध्यापक के पद से सेवानिवृत्त हुई थी। जिसके बाद से उन्हें एनपीएस पेंशन का लाभ नहीं मिल रहा है, जिस पर मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को 2 दिन के भीतर उनकी समस्या का समाधान करने के निर्देश दिए। श्रीमती बीना ढींगरा ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। हरिद्वार के श्री तरुण सिंह ने पानी निकासी की समस्या से मुख्यमंत्री को अवगत कराया, जिस पर मुख्यमंत्री ने वीसी के माध्यम से जुड़े हरिद्वार के जिला अधिकारी को तुरंत समस्या के समाधान के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने देहरादून जिले के श्री सुरेंद्र कुमार नागपाल से भी वार्ता की। श्री सुरेंद्र कुमार नागपाल ने बताया कि सहस्त्रधारा रोड स्थित उनके आवास में स्ट्रीट लाइट विगत दिनों से खराब थी, जिस पर उन्होंने 1905 पर शिकायत की। श्री सुरेंद्र कुमार नागपाल ने बताया कि अगले ही दिन उनकी समस्या का समाधान हो गया, इसके लिए उन्होंने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। बैठक में उपाध्यक्ष अवस्थापना अनुश्रवण परिषद् विश्वास डाबर, उपाध्यक्ष राज्य आपदा प्रबंधन विनय रुहेला, मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन, प्रमुख सचिव एल. फैनई, विशेष प्रमुख सचिव अमित सिन्हा, सचिव शैलेश बगौली, नितेश झा, दिलीप जावलकर, बृजेश कुमार संत, डॉ. पंकज कुमार पांडे, चंद्रेश यादव, एस एन पाण्डेय, रंजीत सिन्हा, विनोद कुमार सुमन, सी. रविशंकर, श्रीमती रंजना राजगुरू, विशेष सचिव डॉ. पराग मधुकर धकाते, अपर सचिव आलोक पांडे, महानिदेशक सूचना बंशीधर तिवारी, अपर सचिव मनमोहन मैनाली एवं अन्य अधिकारी तथा समस्त जनपदों से जिलाधिकारी वर्चुअल माध्यम से उपस्थित रहे।

# विजन के साथ विकास हमारी प्राथमिकता:धामी

## मुख्यमंत्री ने लोनिवि की मास्टर प्लान पुस्तिका का किया विमोचन





देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को सचिवालय में लोक निर्माण विभाग द्वारा तैयार की गई आगामी 05 वर्षों (2026-2031) के कार्यों से संबंधित मास्टर प्लान पुस्तिका का विमोचन किया।मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि लोक निर्माण विभाग द्वारा आगामी 05 वर्षों के विजन पर आधारित मास्टर प्लान पुस्तिका का विमोचन किया जाना सराहनीय पहल है। यह पुस्तिका राज्य में बुनियादी ढांचे को विकसित करने, सशक्त और सुरक्षित, भविष्य को सुनिश्चित करने का मार्ग है। उन्होंने कहा राज्य में विकास की संभावनाओं एवं विकसित भारत 2047 के संकल्पों को पूरा करने में यह मास्टर प्लान पुस्तिका अहम भूमिका निभाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में राज्य में इंफ्रास्ट्रक्चर के कार्य तेजी से गए बढ़े हैं। बीते सालों में राज्य में व्यापक स्तर पर सड़कों का निर्माण हुआ है। उन्होंने कहा राज्य सरकार बुनियादी ढांचे के विकास में नवाचार को प्राथमिकता दे रही है। भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए विकास कार्यों को आगे बढ़ाया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा हमारा संकल्प है कि राज्य को तय लक्ष्यों के साथ आगे बढ़ाया जाए और विजन के साथ विकास किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा उत्तराखंड राज्य, पर्यटन हब के रूप में उभर रहा है, ऐसे में पर्यटकों की आवश्यकताओं को देखते हुए हम विकास कार्यों को आगे बढ़ा रहे हैं। राज्य में टेक्नोलॉजी एवं इनोवेशन के माध्यम से इंफ्रास्ट्रक्चर को नई दिशा दी जा रही है। उन्होंने कहा यह पुस्तिका निश्चित ही राज्य को आगे बढ़ाने का विजन तय करेगी। कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने कहा कि लोक निर्माण विभाग स्पष्ट विजन के साथ निरंतर आगे बढ़ रहा है। हम राज्य में कनेक्टिविटी और इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलप मेंट पर निरंतर कार्य कर रहे हैं। साथ ही भविष्य की आवश्यकताओं को देखते हुए विकास योजनाएं तैयार की जा रही हैं। उन्होंने कहा विकास के लिए कनेक्टिविटी बेहद महत्वपूर्ण है, जिसपर निरंतर कार्य किया जा रहा है। सचिव लोक निर्माण विभाग डॉ. पंकज कुमार पांडेय ने बताया कि मास्टर प्लान पुस्तिका में 100 से अधिक प्रोजेक्ट के विजन को रखा गया है। उन्होंने कहा समय की आवश्यकता अनुसार पुस्तिका में संशोधन किए जाएंगे। उन्होंने बताया पुस्तिका में रोड कनेक्टिविटी इकनॉमी हब कनेक्टिविटी , ब्रिज डेवलपमेंट एवं सेफ्टी, सड़क सुरक्षा एवं स्लोप प्रोटेक्शन, टेक्नोलॉजी, वित्तीय प्रबंधन एवं पॉलिसी जैसे विभिन्न प्राथमिकताओं पर विभाग का विजन रखा गया है।इस दौरान उपाध्यक्ष अवस्थापना अनुश्रवण परिषद् विश्वास डाबर, प्रमुख अभियंता राजेश चन्द्र शर्मा, मुख्य अभियंता रणजीत रावत, राजेन्द्र सयाना, अधीक्षण अभियंता मनोज बिष्ट, अरूण पाण्डेय, अधिशासी अभियंता बी.एन द्विवेदी, राजेश कुमार, नीरज त्रिपाठी एवं अन्य लोग मौजूद रहे।

# डीएम ने खेत में स्वयं गेहूं की फसल काटकर परखी उत्पादकता

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। जनपद में गेहूं फसल की उत्पादकता जांच हेतु जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने खेत में पहुंचकर क्रॉप कटिंग की। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनांतर्गत एवं फसलों की उपज का सटीक अनुमान लगाने हेतु तहसील रूद्रपुर के राजस्व ग्राम भूरारानी में जिलाधिकारी ने काश्तकार अशोक गांधी के खेत में पड़ताल कर स्वयं गेहूं की फसल कटाई की।गेहूं के 43.30



वर्गमीटर त्रिभुजाकार प्लाट में 17.900 किलोग्राम गेहूं की उपज प्राप्त हुई। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने बताया कि फसल कटाई प्रयोग पूरे जनपद, प्रदेश और देश में सरकार द्वारा कराए जाते हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस क्रॉप कटिंग से मिलने वाले आंकड़ों के आधार पर ही महत्वपूर्ण खाद्य नीति निर्धारित की जाती है और फसल बीमा का लाभ सुनिश्चित किया जाता है। क्रॉप कटिंग के दौरान तहसीलदार दिनेश कुटौला, सहायक भूलेख अधिकारी मदन बिष्ट और कानूनगो राधे सिंह राणा सहित राजस्व विभाग के अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

# छात्रों को आधुनिक तकनीकों और करियर के अवसरों की दी जानकारी

## सिक्स सिग्मा में मैन्युफैक्चरिंग इंडस्ट्रीज की वर्तमान स्थिति पर गेस्ट लेक्चर आयोजित



रूद्रपुर (उद संवाददाता)। क्षेत्र के प्रतिष्ठित संस्थान सिक्स सिग्मा इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंस में कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग के प्रथम, द्वितीय एवं अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए एक विशेष गेस्ट लेक्चर का आयोजन किया गया। संस्थान के टी एंड पी हेड रजत धवन द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में टाटा मोटर्स लिमिटेड पंतनगर के स्किल एंड ट्रेनिंग सेंटर के मैनेजर विकास भारती उपस्थित रहे। गेस्ट लेक्चर का मुख्य विषय मैन्युफैक्चरिंग इंडस्ट्रीज की वर्तमान स्थिति रहा, जिसके माध्यम से विद्यार्थियों को औद्योगिक जगत की महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान की गईं। मुख्य वक्ता विकास भारती ने अपनी उपलब्धियों के उदाहरण देते हुए विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया। उन्होंने उद्योगों में हो रहे नवीनतम बदलावों, आधुनिक तकनीकों और इंजीनियरिंग के छात्रों के लिए भविष्य में करियर के अवसरों पर विस्तार से चर्चा की। इस सत्र में छात्रों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया और अपने प्रश्नों के माध्यम से विभिन्न जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त किया। इस गेस्ट लेक्चर के सफल आयोजन पर संस्थान के मैनेजिंग डायरेक्टर सीए शिव अरोरा, अध्यक्ष राजेश डावर, उपाध्यक्ष प्रीत ग्रोवर, डायरेक्टर डॉ. सीमा अरोरा और एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर वंश डावर व शौर्य अरोरा ने खुशी जताई। इसके साथ ही संस्थान प्रमुख ललित सिंह बिष्ट, नर्सिंग प्रधानाचार्य विवेक त्रिवेदी, उप प्रधानाचार्य मुकेश कुमार, सीएओ अनुभव बाठला, शिल्पा विश्वकर्मा, मनीष एवं अभिषेक ने भी कार्यक्रम की सराहना की।

SAHAS Homeo
साहस होम्यो मेडिकल स्टोर एवं क्लीनिक
जर्मन तथा सभी प्रकार के होम्योपैथिक व बायोकैमिक दवाईयों के विक्रेता

डॉ. यश पाण्डेय
होम्योपैथिक फिजिशियन
बी.एच.एम.एस., जयपुर
चर्म रोग • गुर्दा रोग • पेट रोग
गुदा रोग • लिवर सम्बन्धि रोग
अन्य रोग • स्पान्डीलाइटिस • श्वास रोग • मोटापा • दमा • प्रोस्टेट • माइग्रेन • टान्सिल • एलर्जी • ब्रोनकाइटिस
बच्चों के रोग • पेट का दर्द • अपच • कान में संक्रमण / दर्द खांसी • जुकाम • निमोनिया • बुखार • दांत निकलना
साहस होम्यो क्लीनिक
निकट गुरुद्वारा, कालाढूंगी रोड, हल्द्वानी
मो. 9456727473, 9410514531 शनिवार अवकाश

# प्राधिकरण की बोर्ड बैठक में विकास योजनाओं को मिली मंजूरी

## प्राधिकरण की आय में 48 प्रतिशत की वृद्धि और रूद्रपुर के प्रवेश द्वारों पर भव्य गेट निर्माण का प्रस्ताव



रूद्रपुर । आयुक्त कुमाऊँ मण्डल एवं अध्यक्ष जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण दीपक रावत की अध्यक्षता में जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण की 22वीं बोर्ड बैठक डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम कॉन्फ्रेंस हॉल, कलेक्ट्रेट में संपन्न हुई। बैठक में प्राधिकरण के वित्तीय वर्ष 2025-26 के वास्तविक आय-व्ययक और वित्तीय वर्ष 2026-27 हेतु प्रस्तावित बजट पर विस्तृत चर्चा की गई। जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण, के वित्तीय आंकड़ों में इस वर्ष उल्लेखनीय सुधार देखा गया है। प्राधिकरण की राजस्व आय में पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में लगभग 48 प्रतिशत की वास्तविक वृद्धि दर्ज की गई है। इसी क्रम में, आगामी वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए भी सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाते हुए कुल प्रस्तावित आय के लक्ष्य में पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 27.2 प्रतिशत की बढ़ोतरी का प्रावधान किया गया है। आय के इन बढ़ते आंकड़ों से स्पष्ट है कि प्राधिकरण नियोजित विकास और राजस्व संग्रह की दिशा में निरंतर प्रगति कर रहा है। बोर्ड बैठक में कुल 32 मुख्य प्रस्ताव/मदों पर विचार-विमर्श किया गया। जिसमे चालु वित्तीय वर्ष हेतु बजट अनुमोदन, नीतिगत प्रस्ताव 13, मानचित्र के कुल प्रस्ताव स्वीकृत-16 का अनुमोदन किया गया तथा 02 प्रस्ताव शासन से मार्गदर्शन हेतु प्रस्तावित किये गये। इसके अतिरिक्त बोर्ड बैठक में जनपद के सौंदर्गीकरण/विकास हेतु प्रस्तुतीकरण के माध्यम से भविष्य की योजनाओं को प्रस्तुत किया गया। इसमें रुद्रपुर शहर के प्रवेश द्वारों पर भव्य हाईवे एंट्री गेट के निर्माण और शहर के प्रमुख पार्कों के पुनर्विकास व सिविल कार्यों के आधुनिक डिजाइनों का प्रदर्शन किया गया। साथ ही, प्राधिकरण की कार्यप्रणाली में पारदर्शिता लाने हेतु नई वेबसाइट और नागरिकों की सहायता के लिए ।स बेंजइवज, ॅमइेपजम, च्ळै ।प विकसित करने संबंधी तकनीकी परियोजनाओं पर भी विस्तार से चर्चा की गई। मोदी मैदान को एक अत्याधुनिक बहुउद्देशीय खेल स्टेडियम के रूप में विकसित किया जायेगा। इस महत्वाकांक्षी परियोजना के अंतर्गत अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप एथलेटिक ट्रैक, क्रिकेट पिच और विभिन्न इनडोर व आउटडोर खेलों की सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। स्टेडियम में खिलाड़ियों के लिए आधुनिक चेंजिंग रूम, दर्शकों के लिए विशाल गैलरी और खेल आयोजनों हेतु उन्नत तकनीकी बुनियादी ढांचे का निर्माण प्रस्तावित है। मुख्यमंत्री घोषणा के अंतर्गत खटीमा क्षेत्र के विकास हेतु रू0 1497.46 लाख की लागत वाली विकास योजनाओं को बोर्ड द्वारा प्रशासनिक और वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई। इस परियोजना के मुख्य आकर्षणों में खटीमा चौराहे से थारू विकास भवन तक के मार्ग का 4-लेन चौडीकरण और अत्याधुनिक प्रकाश व्यवस्था शामिल है। प्राधिकरण द्वारा के 3 परियोजना प्राधिकरण का प्रस्ताव तैयार किया गया है, जिसमें त्रिशूल चौक के समीप लोनिवि के जीर्ण-शीर्ण अवस्था में पूर्व निर्मित भवनों के स्थान पर प्राईम लोकेशन होने के दृष्टिगत आवासीय व व्यवसायिक मल्टीस्टोरी बिल्डिंग निर्मित की जानी है, जिस हेतु प्राधिकरण द्वारा आंगणन तैयार किया जा चुका है तथा भूमि हस्तान्तरण एवं वित्तीय स्वीकृति हेतु शासन को प्रेषित किये जाने हेतु निर्णय लिया गया। मुख्यमंत्री की घोषणा के अन्तर्गत ग्राम फाजलपुर महरोला तहसील रूद्रपुर में यातायात नगर परियोजना हेतु 46.88 एकड़ भूमि पर जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण द्वारा 7204.07 लाख का प्रारम्भिक ड्राइंग, डिजाईन व डी०पी०आर० तैयार किया जा चुका है, जिसको हुडको से वित्तीय प्रबंधन कर आगणन शासन को प्रेषित किये जाने का निर्णय लिया गया। बैठक में जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया, उपाध्यक्ष प्राधिकरण जय किशन, सचिव पंकज उपाध्याय, मुख्य कोषाधिकारी डॉ0 पंकज कुमार शुक्ल, नगर आयुक्त शिप्रा जोशी, रविन्द्र बिष्ट, डीजीसी राजस्व मनोज तिवारी, सिविल बरीत सिंह, मुख्य शिक्षा अधिकारी हरेन्द्र मिश्रा, आर्किटेक्ट्स, इंजीनियर्स और अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

# दून की ट्रैफिक व्यवस्था के लिए बनेगा मोबिलिटी प्लान

## मुख्य सचिव ने बैठक में आर्थिक कॉरिडोर से बढ़ने वाले ट्रैफिक दबाव के प्रबंधन पर दिया जोर

देहरादून (उद संवाददाता)। मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन ने शुक्रवार को सचिवालय में देहरादून शहर के यातायात संतुलन को लेकर देहरादून मोबिलिटी प्लान की बैठक ली। मुख्य सचिव ने कहा कि देहरादून दिल्ली इकोनॉमिक कॉरिडोर के बन जाने से सप्ताहांत एवं चारधाम यात्रा के कारण अत्यधिक यातायात दबाव रहेगा। इसके लिए उन्होंने लगातार देहरादून के यातायात को अपग्रेड किए जाने की आवश्यकता बतायी। उन्होंने इकोनॉमिक कॉरिडोर के बाद बढ़ने वाले यातायात के प्रबंधन के लिए शीघ्र यातायात प्लान तैयार किए जाने के निर्देश दिए।मुख्य सचिव ने निर्देश दिए कि आढ़त बाजार की रजिस्ट्री एवं मुआवजा का कार्य शीघ्र पूर्ण कराया जाए। उन्होंने आढ़त बाजार के अंतर्गत जो भी ध्वस्तीकरण कार्य किया जाना है उसे भी शीघ्र शुरू करने को कहा। उन्होंने 15 मई 2026 तक रजिस्ट्री कार्य पूर्ण कराए जाने के निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने निरंजनपुर मंडी को भी शीघ्र शुरू कराए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने इसके लिए उपयुक्त भूमि चिह्नित करने हेतु तत्काल एक साईट सिलेक्शन कमेटी बनाए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने सचिवालय एवं परेड ग्राउंड के पास अंडरग्राउंड पार्किंग के लिए फीजीबिलिटी एवं डीपीआर को शीघ्र तैयार कराए जाने के निर्देश दिए हैं। मुख्य सचिव ने देहरादून के विभिन्न जंक्शनों के सुधारीकरण कार्य की प्रगति की जानकारी भी ली। उन्होंने कहा कि कारगी चौक सुधारीकरण कार्य को तत्काल कराया जाए। बैठक में बताया गया कि 4 जंक्शनों में कार्य प्रारम्भ हो गया है और 6 का प्रस्ताव गतिमान है। उपाध्यक्ष एमडीडीए बंशीधर तिवारी ने बताया कि आढ़त बाजार की 52 रजिस्ट्री कम्पलीट हो चुकी है और बाकी का कार्य गतिमान है।मुख्य सचिव ने पब्लिक ट्रांसपोर्ट को मजबूत किए जाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने परिवहन विभाग को देहरादून के लिए बसों और अन्य आधारभूत संरचनाओं के विकास का लगातार फॉलोअप करते हुए सितंबर तक देहरादून के रूट्स पर 100 बसें संचालित किए जाने के निर्देश दिए हैं। मुख्य सचिव ने पुलिस विभाग को निर्देश दिए कि नो पार्किंग में वाहन खड़े करने वालों पर चालान और लेफ्ट टर्न फ्री रखना जैसे छोटे परंतु महत्त्वपूर्ण कार्यों का लगातार प्रवर्तन कराया जाए। उन्होंने बड़े दिवसों पर शोभायात्रा एवं धरने प्रदर्शन आदि के दौरान ट्रैफिक प्लान का प्रचार प्रसार करने को कहा। उन्होंने कहा कि टोइंग वैन्स की संख्या को बढ़ाया जाए और इसके लिए शीघ्र प्रस्ताव भेजा जाए। मुख्य सचिव ने पुलिस विभाग को रात को ओवरस्पीडिंग के कारण होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए। स्पीडब्रेकर और साईनेज के साथ ही एएनपीआर कैमरों के द्वारा लगातार मॉनिटरिंग करायी जाए। मुख्य सचिव ने निर्देश दिए कि देहरादून के भीतर चिह्नित पार्किंग स्थलों,सरकारी एवं व्यावसायिक संस्थानों की पार्किंग क्षमता का पूर्ण उपयोग किया जाए। उन्होंने यूपीसीएल द्वारा विद्युत के अंडरग्राउंड कार्य एवं गैस पाइप लाइन कार्य को निर्धारित समय सीमा में पूर्ण कराना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर सचिव बृजेश कुमार संत, आर राजेश कुमार, जिलाधिकारी देहरादून सविन बंसल, उपाध्यक्ष एमडीडीए बंशीधर तिवारी, एसएसपी देहरादून परमेन्द्र डोभाल सहित अन्य संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।



# पंत यूनिवर्सिटी के वेटरनरी हॉस्पिटल का किया निरीक्षण

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। जिला स्तरीय टीम द्वारा जी.बी. पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्व विद्यालय, पंतनगर के वेटरनरी हॉस्पिटल का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान चिकित्सालय में कुल 06 पोर्टेबल अल्ट्रासाउंड मशीन पाई गईं, जिनमें से 02 मशीनें पुरानी एवं अनुपयोगी होने के कारण नियमानुसार सील कर दी गईं। शेष 04 अल्ट्रासाउंड मशीनें जानवरों के स्वास्थ्य परीक्षण हेतु सुचारू रूप से उपयोग में लाई जा रही हैं। टीम द्वारा मेडिसिन विभाग, सर्जरी विभाग तथा ऑब्स एंड गायनी विभाग का भी गहन निरीक्षण किया गया। इस दौरान विभागों में अल्ट्रासाउंड मशीन के उपयोग की प्रक्रिया एवं जानवरों के उपचार की व्यवस्था का जायजा लिया गया। निरीक्षण में सभी व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गईं। निरीक्षण के अवसर पर डॉ. प्रकाश भट्ट, विभागाध्यक्ष, वेटरनरी हॉस्पिटल द्वारा टीम को पूर्ण सहयोग प्रदान किया गया। निरीक्षण टीम में जिला नोडल अधिकारी डॉ. एस. पी. सिंह, जिला समन्वयक प्रदीप महर, गोपाल आर्य सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा समय-समय पर इस प्रकार के निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता सुनिश्चित की जा रही है।



# नवनियुक्त जिलाध्यक्ष ने कांग्रेस नेत्री मीना से लिया आशीर्वाद


रूद्रपुर (उद संवाददाता)। यूथ कांग्रेस के जिला अध्यक्ष मनोनीत होने के बाद तरुण नेगी ने पूर्व पालिका अध्यक्ष मीना शर्मा के सिविल लाइन स्थित आवास पर पहुंचकर उनका आशीर्वाद लिया। इस दौरान मीना शर्मा ने तरुण नेगी और कांग्रेस नेता फरमान सिद्दीकी का फूल मालाएं पहनाकर और चुनरी डालकर भव्य स्वागत किया। पूर्व पालिका अध्यक्ष ने जिलाध्यक्ष बनने की खुशी में तरुण नेगी का मुंह मीठा कराया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि युवाओं के जोश से संगठन को नई मजबूती मिलेगी। इस अवसर पर तरुण नेगी ने कहा कि वह वरिष्ठ नेताओं के मार्गदर्शन में युवाओं को एकजुट कर कांग्रेस की नीतियों को जन-जन तक पहुँचाने का कार्य करेंगे। स्वागत समारोह में कई अन्य कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।



# मजदूर आंदोलनों पर दमन के खिलाफ मनाया प्रतिरोध दिवस

## गिरफ्तार मजदूरों की रिहाई और फर्जी मुकदमे वापस लेने की उठी मांग

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। नोएडा, गुड़गांव, पानीपत और मानेसर सहित कई औद्योगिक क्षेत्रों में चल रहे मजदूर आंदोलनों पर दमन के विरोध में श्रमिक संयुक्त मोर्चा के बैनर तले विभिन्न मजदूर संगठनों और यूनियनों ने गांधी पार्क में सभा आयोजित कर अखिल भारतीय प्रतिरोध दिवस मनाया। इस दौरान मानेसर और नोएडा में गिरफ्तार पुरुष और महिला मजदूरों के साथ ही इंकलाबी मजदूर केंद्र और बिगुल मजदूर संगठन के कार्यकर्ताओं की तत्काल रिहाई और फर्जी मुकदमे रद्द करने की मांग उठाई गई।सभा को संबोधित करते हुए ऐक्टू के राष्ट्रीय सचिव केके बोरा ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा लागू की गई श्रम संहिताओं के दुष्परिणाम सामने आने लगे हैं और कई स्थानों पर मजदूरों से बारह घंटे काम कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कम मजदूरी और बढ़ते शोषण के खिलाफ मजदूरों का आक्रोश स्वत:स्फूर्त रूप से विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों में सामने आया है। उन्होंने आरोप लगाया कि हरियाणा और उत्तर प्रदेश सरकार ने इन आंदोलनों पर कठोर दमनात्मक कार्रवाई की है।सीएसटीयू के केंद्रीय महासचिव मुकुल ने कहा कि हाल में किए गए आपराधिक कानूनों में संशोधन का इस्तेमाल मजदूर आंदोलनों को दबाने के लिए किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हड़ताल जैसे अधिकारों को सीमित किया गया है और आंदोलन करने वाले मजदूरों को जेल भेजा जा रहा है। साथ ही मजदूरों के परिजनों को उनसे मिलने और उनकी जानकारी तक नहीं दी जा रही है।इंकलाबी मजदूर केंद्र के शहर कोषाध्यक्ष दिनेश ने कहा कि बढ़ती महंगाई के बीच यदि मजदूर बीस हजार रुपये वेतन की मांग कर रहे हैं तो इसमें कोई अनुचित बात नहीं है। उन्होंने कहा कि श्रमिक अपनी मेहनत से उद्योगों को मुनाफा दिलाते हैं, लेकिन स्वयं अपने परिवार का भरण पोषण करने में असमर्थ हो रहे हैं, जिससे उनमें आक्रोश है।भाकपा माले के जिला सचिव ललित मटियाली ने कहा कि मजदूरों और उनके नेताओं पर दमन बंद किया जाए, गिरफ्तार मजदूरों को तुरंत रिहा किया जाए और न्यूनतम मजदूरी बयालीस हजार रुपये निर्धारित की जाए। उन्होंने ठेकेदारी प्रथा समाप्त करने और श्रम संहिताओं को वापस लेने की भी मांग की।सभा को अनिता अन्ना, निरंजन लाल, धीरज जोशी, सौरभ और हीरा राठौर ने भी संबोधित किया, जबकि संचालन हरेंद्र सिंह ने किया। सभा में आइसा प्रदेश सचिव धीरज कुमार, उत्तम दास, महेंद्र राणा, सेवाराम, मुनीब यादव, नागेंद्र यादव, वीरेंद्र नेगी, रामप्रवेश, उमाशंकर यादव, संजय पांडेय, कमलेश ढाली, विजेंद्र, कमल सिंह, प्रकाश बोरा, मृत्युंजय और आकाश भारती सहित कई श्रमिक मौजूद रहे।



# उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## परिसीमन पर सवाल-संदेह

भारत के पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त एस.वाई.कुरैशी की चेतावनी है कि यदि परिसीमन के भरोसे रहे, तो 2034 के आम चुनाव तक महिला आरक्षण कानून लागू हो पाएगा। यदि महिलाओं को राजनीतिक और नीति-निर्धारण में भागीदारी देनी है, तो 50 फीसदी के फॉर्मूले के आधार पर उतनी ही सीटें आवंटित की जा सकती हैं। मसलन-भाजपा-एनडीए को चुनाव में जो जनादेश प्राप्त हुआ था, उसके मुताबिक लोकसभा में उनकी कुल 292 सीटें हैं। उसमें 50 फीसदी, यानी 146, सीटें जोड़ कर उन सीटों को महिलाओं के लिए आरक्षित किया जा सकता है। इसी तरह विपक्ष की 233 सीटों में 116 सीटें और जोड़ी जा सकती हैं। चूंकि संशोधन बिल के मुताबिक, लोकसभा में 543 से बढ़ कर 815 सीटें हो जाएंगी और 33 फीसदी महिलाओं के लिए आरक्षित होंगी। यानी सदन में 273 महिलाएं सांसद बनकर आ सकेंगी। पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त का आकलन है कि जो जनगणना शुरू हुई है, वह 2027 तक जारी रहेगी। उसके नतीजे आने और संकलित होने में इतना वक्त खर्च होना मुमकिन है कि 2029 के आम चुनाव करीब खड़े दिखाई देंगे। यदि 2011 की 121 करोड़ से अधिक जनसंख्या के आधार पर परिसीमन तय किया गया है या किया जाना है, तो वह बुनियादी तौर पर विसंगत होगा, समानुपाती नहीं होगा, क्योंकि देश की मौजूदा आबादी 147.66 करोड़ से अधिक है। क्या दोनों जनगणनाओं में अंतर नहीं है? क्या पुरानी जनसंख्या के आधार पर मौजूदा आबादी के विकास, विस्तार, भौगोलिक बदलावों का परिसीमन किया जा सकता है? परिसीमन सरकार की मनमर्जी के मुताबिक नहीं होना चाहिए। बेशक परिसीमन आयोग सर्वोच्च अदालत के वर्तमान या पूर्व न्यायाधीश की अध्यक्षता में गठित होता है और उसके निष्कर्षों को किसी भी अदालत में चुनौती नहीं दी जा सकती। फिर भी आयोग की रपट पर पहले संसद की स्वीकृति अनिवार्य है और फिर राष्ट्रपति की मुहर अंतिम निर्णय है। देश के जम्मू-कश्मीर और असम के कुछ मामले, परिसीमन के बाद, सामने आए हैं, जो इतने असंतुलित और असमान हैं कि परिसीमन की ईमानदारी पर ढेरों सवाल और संदेह किए जा सकते हैं। 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' पर जो संविधान संशोधन लोकसभा में पेश किया गया था, उस पर मत-विभाजन हो चुका होगा अथवा विपक्ष ने सामूहिक बहिर्गमन का रास्ता चुना होगा! इसका विश्लेषण बाद में करेंगे, क्योंकि यह घटनाक्रम शुक्रवार शाम तक होना था। बहरहाल इस संविधान संशोधन से पहले ही, गुरुवार देर रात्रि, 2023 में पारित किए गए कानून की सरकारी अधिसूचना भी जारी कर दी गईइसके क्या 'तकनीकी कारण' हो सकते हैं? यह लोकतंत्र और संसद का अपमान है, क्योंकि महिला आरक्षण पर संसद में बहस जारी थी। अभी तक की चर्चा में कांग्रेस, सपा, तृणमूल कांग्रेस, द्रमुक, सीपीएम आदि विपक्षी दलों ने सतही तौर पर महिला आरक्षण का विरोध नहीं किया, लेकिन परिसीमन के जरिए संघीयवाद, लोकतंत्र के उल्लंघन पर सवाल और संदेह जरूर किए। हम आज तक समझ नहीं पाए हैं कि विपक्ष दिन में कितनी बार 'लोकतंत्र की हत्या' मान लेता है और फिर उसी लोकतंत्र की आड़ में छिप कर राजनीति भी करने लगता है?

# गदरपुर में इंडेन गैस एजेंसी पर हंगामा

## सभासद पर अभद्रता और सरकारी कार्य में बाधा का आरोप



गदरपुर। क्षेत्र में स्थित इंडेन गैस एजेंसी एक बार फिर विवादों के केंद्र में आ गई है। एजेंसी के प्रबंधक गंगाराम ने कोतवाली गदरपुर में लिखित शिकायत दर्ज कराते हुए वार्ड नंबर 5 के सभासद परमजीत सिंह पम्मा पर गंभीर आरोप लगाए हैं। शिकायत में कहा गया है कि सभासद एजेंसी कार्यालय में जबरन घुस आए और वहां अभद्र व्यवहार करते हुए कामकाज में बाधा उत्पन्न की।प्रबंधक के अनुसार, उक्त घटना के दौरान कार्यालय का सामान्य संचालन पूरी तरह प्रभावित हो गया। कर्मचारियों में भय का माहौल बन गया और गैस उपभोक्ताओं को भी काफी परेशानी का सामना करना पड़ा।इस दौरान उधम सिंह नगर के नोडल अधिकारी हेमंत कुमार आर्य भी कोतवाली गदरपुर पहुंचे और आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की पत्र में आरोप है कि सभासद ने एजेंसी की व्यवस्थाओं को बिगाड़ने की कोशिश की, जिससे आवश्यक सेवाएं बाधित हो गईं। यह भी कहा गया है कि सरकारी कार्य में इस प्रकार का हस्तक्षेप न केवल नियमों का उल्लंघन है, बल्कि आम जनता के हितों के साथ भी खिलवाड़ है।गंगाराम ने पुलिस प्रशासन से मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल कानूनी कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने यह भी कहा कि यदि ऐसे कृत्यों पर सख्ती नहीं बरती गई तो भविष्य में व्यवस्थाएं पूरी तरह चरमरा सकती हैं।वहीं, इस घटना के बाद क्षेत्र में राजनीतिक और सामाजिक हलचल तेज हो गई है। स्थानीय लोग भी इस मामले को लेकर तरह-तरह की प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं। कुछ लोग इसे जनप्रतिनिधि की दबंगई बता रहे हैं, तो कुछ निष्पक्ष जांच की मांग कर रहे हैं।पुलिस का कहना है कि शिकायत प्राप्त हो चुकी है और मामले की जांच की जा रही है। जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। इस दौरान साथ में ठेकेदार प्रतिनिधि राकेश अरोरा, अमित कुमार कार्यालय स्टाफ में बसंत कर्नाटक,अरविंद शर्मा, चित्रजीत राय, नीरज पाठक, मौजूद रहे।

# दबंगों ने युवक को घेरकर बेरहमी से पीटा,केस दर्ज

किच्छा (उद संवाददाता)। कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत दबंगों द्वारा एक युवक के साथ गाली-गलौज कर मारपीट करने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।जानकारी के अनुसार वार्ड नंबर 15, कुरैशी मोहल्ला निवासी नाजिम पुत्र यासीन ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वार्ड के ही निवासी मोहसिन के साथ उसका पुराना विवाद चल रहा है। पूर्व में मोहसिन ने पुलिस को झूठी सूचना देकर पीड़ित की गाय पकड़वाई थी, जिसे नाजिम ने बाद में न्यायालय के माध्यम से छुड़ा लिया था। इसी रंजिश को लेकर आरोपी पक्ष उससे खुन्नस रखने लगा।पीड़ित का आरोप है कि 15 अप्रैल की दोपहर करीब 4:30 बजे जब वह रास्ते से गुजर रहा था, तभी आरोपी मोहसिन, उसके पिता बब्बू और फुफेरे भाई ने उसे घेर लिया। आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए उस पर लात-घूंसों और लाठी-डंडों से हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। पीड़ित ने यह भी आरोप लगाया कि मारपीट के दौरान उसकी जेब में रखी 10 हजार रुपये की नकदी भी कहीं गायब हो गई। शोर मचने पर जब आसपास के लोग मौके पर जमा हुए तो आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है और आरोपियों की तलाश की जा रही है।

# कल धूमधाम से मनेगा परशुराम जन्मोत्सव

रूद्रपुर । ब्राह्मण महासभा की बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि भगवान परशुराम जन्मोत्सव हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। इस उपलक्ष्य में रविवार को आवास



विकास स्थित भगवान परशुराम महादेव देवालय में भव्य कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।महासभा के अध्यक्ष मुकेश वशिष्ठ, महामंत्री डॉ. संजीव शर्मा और अन्य पदाधिकारियों ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 9बजे भगवान परशुराम की प्रतिमा के अभिषेक के साथ होगा। इसके पश्चात प्रातः 10 बजे हवन-यज्ञ और 11बजे से ब्राह्मण प्रतिभाओं के सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। दोपहर 12बजे से विशाल भंडारा आयोजित होगा। सम्मान समारोह के दौरान शिक्षा, चिकित्सा, प्रशासनिक और सामाजिक क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाली प्रतिभाओं को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया जाएगा।समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद अजय भट्ट उपस्थित रहेंगे। साथ ही अति विशिष्ट अतिथि के रूप में विधायक शिव अरोड़ा, विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व पालिका अध्यक्ष मीना शर्मा और कार्यक्रम अध्यक्ष के रूप में महापौर विकास शर्मा शिरकत करेंगे। महासभा के पदाधिकारियों ने समस्त धर्मप्रेमी जनता से सपरिवार कार्यक्रम में सम्मिलित होने की अपील की है। बैठक में मुख्य रूप से देव मेनन, नवीन नैनवाल, संदीप मिश्रा, इंद्रेश मिश्रा, गजानंद शर्मा और देवेंद्र चतुर्वेदी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# बुढ़ापे को जवानी में बदलने का विज्ञान

क्या हो यदि दर्पण टूटने पर स्वयं जुड़ जाए ? वस्त्र फटने पर स्वयं सिल जाए और बुढ़ापे में जवानी लौट आए ? विज्ञान की दुनिया में अब कुछ ऐसा ही चमत्कार होने जा रहा है। मानव षताब्दियों से ऐसी अमृत- औशधि की खोज करता रहा है, जिससे उपचार से जीवन की आयु बढ़ जाए या फिर वह मरे ही नहीं। हालांकि चिकित्सा विज्ञान की शुरुआत से लेकर आज तक ऐसा संभव हो नहीं पाया है। किंतु वैज्ञानिकों की यह तलाश अब सूक्ष्मदर्शी यंत्र के जरिए मानव कोशिकाओं की उस तह तक पहुंच गई है, जहां मरती कोशिकाओं को उपचारित कर उन्हें पुनर्जीवित किया जा सकता है। इस लक्ष्य को साधने में अल्टोस प्रयोग्रषाला में नवीनतम अनुसंधान चल रहे हैं। यह प्रयोगषाला एक बायोटेक कंपनी है, जो मुख्य रूप से सैन फ्रांसिस्को बे एरिया (रेडवुड सिटी) कैलिफोर्निया और कैम्ब्रिज यूके में स्थित हैं। यह कंपनी कोषिका के कायाकल्प (सेलुलर रिज्युवेंषन) के माध्यम से बीमारियों का आष्चर्यजनक उपचार करने का काम करती है। यानी इस प्रक्रिया के माध्यम से मनुश्य की न केवल उम्र को बढ़ाने के उपाय होंगे, बल्कि युवावस्था के लौटने के भी उपाय होंगे। अतएव इस तकनीक को बुढ़ापे का उपचार कहा जा रहा है।जीव चिकित्सा विज्ञान अब केवल रोगों के उपचार तक ही सीमित नहीं रह गया है, अपितु ये षरीर की जैविक उम्र को थामने की दिषा में आगे बढ़ रहा है। हम ऐसी प्रौद्योगिकी के युग में हैं, जहां कोषिकाओं का कायाकल्प और आनुवंषिक बदलाव (जेनेटिक रिपेयर) एक वैज्ञानिक सच्चाई बनती जा रही है। असल में उम्र बढ़ना केवल आनुवंषिकता पर निर्भर नहीं है, बल्कि आनुवंषिक परिवर्तनों का परिणाम है। आनुवंषिकता के मायने, जीन की संरचना में होने वाले वे बदलाव हैं, जो डीएनए के मूल अनुक्रम को बदले बिना होते हैं। ये बदलाव हमारे खान-पान, जीवनषैली और पर्यावरणीय प्रभावों के कारण होते हैं, जो जीन की क्रियाषीलता को गतिषील बनाए रखने या फिर कुंद कर देने में सक्षम होते हैं। यह आनुवंशिकता का वह अनुभाग है, जो व्यवहार से परिवर्तित हो जाता है। जैविक तकनीक में इसे एपीजेनेटिक परिवर्तन माना जाता है। दरअसल व्यक्ति के शरीर की कोशिकाओं की आंतरिक संरचना में एक जैविक सॉफ्टवेयर होता है। परिवर्तित समय-चक्र के साथ-साथ यह सॉफ्टवेयर मानसिक तनाव, दूशित वायु और आयु बढ़ने के चलते इसमें विकार उत्पन्न हो जाते हैं। इन्हें कंप्यूटर तकनीक की भाशा बग्स (कीड़े) कहा जाता है। इनके प्रभाव से कोषिकाएं अपनी दिनचर्या भूलने लगती हैं। इसे कंप्यूटर, प्रोग्रामिंग सॉफ्टवेयर या सिस्टम में प्रवेष कर गई त्रृटि या बाधा माना जाता है, जिसके कारण कंप्यूटर प्रणाली सुचारू रूप से या उम्मीद के अनुरूप नहीं चलती है। गलत परिणाम भी देने लगती है। वस्तुतः सॉफ्टवेयर क्रैष हो सकता है, गति मंदी पड़ सकती है या फिर अनुचित अथवा अप्रत्याषित आचरण करने लग जाता है। ये सब दोश आमतौर से कोडिंग की गलतियों के कारण उत्पन्न होते हैं। इन गड़बड़ियों को जिस तरह सॉफ्टवेयर इंजीनियर ठीक कर देते हैं, उसी प्रकार कोषिकाओं के क्षरण जीन विषेशज्ञ ठीक कर सकते हैं। अल्टोस प्रयोगषाला इसी जैविक सॉफ्टवेयर रीसेट करने के व्यावहारिक उपाय खोजने में लगी है।मानव षरीर में बुढ़ापा आने के कारणों में 'यामानाका कारकों' को दोशी माना गया है। परिपक्व वयस्क कोषिकाओं में आए इन दोशों को स्तंभ (स्टोम) कोषिकाओं के माध्यम से पुनः सक्रिय या रीसेट किया जा सकता है। डॉ षिन्या यामानाका द्वारा 2006 में खोजी गई यह तकनीक बुढ़ापे को पलटने, कैंसर को ठीक करने के लिए पुनर्योजी चिकित्सा (रिजेनरेटिव मेडिसिन) में क्रांतिकारी भूमिका का निर्वाह कर रही है। इस तकनीक के जरिए स्तंभ कोषिकाओं के चमत्कारी प्रोटीन को पहुंचाकर बूढ़ी या क्षरित हो चुकी कोषिकाओं को पुनर्जीवित करके युवावस्था में बदल दिया जाता है। यानी कोषिका की आंषिक रीप्रोग्रामिंग करके बुढ़ापे को जवानी में बदलने के उपाय हो जाएंगे। इस उपाय के जरिए मूल कोषिका में ही नई ऊर्जा प्रत्यारोपित कर उसकी मरम्मत कर दी जाएगी और बूढ़ा व्यक्ति जवान हो जाएगा।डॉ यामानाका ने पहले चूहों में इस प्रयोग को सफलतापूर्वक संपन्न किया, तत्पष्चात मानव कोषिकाओं में इसे सिद्ध किया। यह उपाय कोषिकाओं में जैविक घड़ी को रीसेट कर देते हैं। परिणामस्वरूप त्वचा और मांसपेषियों की वयस्क कोषिकाएं भ्रूण जैसी स्तंभ कोषिकाओं में परिवर्तित हो जाती हैं। इस चिकित्सा पद्धति को ऊतक पुनर्जनन (टिशू रिजनरेशन) कैंसर और तंत्रिका संबंधी बीमारियों के उपचार में सहायक माना जा रहा है। परंतु इस तकनीक का अत्याधिक उपयोग कैंसर का कारण भी बन सकता है। अतएव जीन-विज्ञानी इसके सुरक्षित और आंशिक उपयोग पर अनुसंधान कर रहे हैं। अल्टोस प्रयोगषाला में किए जा रहे इस अनुसंधान को परिणाम में बदलने में पूंजी और नोबेल स्तर के ज्ञान को महत्व दिया जा रहा है। अमेजन के संस्थापक जेफ बेजोस और यूरी मिलनर जैसे अरबपतियों ने इसमें लगभग 25 हजार करोड़ रुपए का निवेष किया है। यह इतिहास का सबसे बड़ा स्टार्टअप में किया निवेष माना जाता है। अल्टोस प्रयोगषाला के संचालन व प्रबंधन का काम नोबेल पुरस्कार विजेता वैज्ञानिक डॉ षिन्या यामानाका और जैविक घड़ी के विषेशज्ञ स्टीव होर्वाथ जैसे दिग्गज के हाथ में है।अल्टोस प्रयोगषाला का आरंभ 2022 में हुआ था। प्रयोगषाला में किए जा रहे प्रयोगों का मुख्य लक्ष्य बुढ़ापे के लक्षणों को स्तंभ कोषिकाओं के माध्यम से समापन करना है। कृत्रिम बुद्धिमता के माध्यम से कोषिकाओं के व्यवहार को पढ़ा जा रहा है। इससे यह समझना आसान हो गया है कि कोषिकाएं कब थककर क्षरण का षिकार होने लगती हैं। थकान की इसी स्थिति को बुढ़ापे का बुनियादी कारण माना जा रहा है। यदि प्रयोगषाला में किए जा रहे अनुसंधान जैविक विज्ञानियों की उम्मीदों पर खरे उतरते हैं तो चिकित्सक इस विधि से हृदय व कैंसर जैसे प्राणलेवा रोगों का उपचार करने की बजाय सीधे बुढ़ापे का इलाज करेंगे। रोगग्रस्त हो चुके गुर्दा, यकृत या फेंफड़े जैसे अंगों को बदलने की वनिस्वत षरीर उन्हें भीतर ही भीतर स्वयं स्वस्थ बना लेगा। इस पद्धति के परिणाम मानव भविष्य को ऐसे युग में पहुंचा देने के संभावित उपाय हैं, जहां 80 साल की उम्र में भी षरीर की कोषिकाएं ऐसी नवीन ऊर्जा से भर जाएंगी की आयु घट कर 30 वर्ष की अनुभव होने लग जाएगी। यानी व्यक्ति न केवल दीर्घायु हो जाएंगे, अपितु स्वस्थ भी रहेंगे।

प्रमोद भार्गव, लेखक/पत्रकार

## भारत में भी कृत्रिम विधि से की गई जीवित कोषिकाएं विकसित हैं

कोलकाता के युवा विज्ञानी डॉ दिब्येंदु दास ने अपने विलक्षण ज्ञान से न केवल कृत्रिम विधि से जीवित कोषिकाएं विकसित की हैं, अपितु उन्हें मनुष्य की तरह बौद्धिक भी बनाने का अद्वितीय काम किया है। अपने अनूठे अनुसंधान से दिब्येंदु ने जता दिया कि भारतीय प्रयोगशालाओं में भी विश्व स्तरीय शोध संभव हैं। अतएव भविष्य में भारत केवल वैश्विक तकनीक का उपभोक्ता भर नहीं रह जाएगा, बल्कि कालांतर में विज्ञान व मौलिक विज्ञान तथा डीप टेक के क्षेत्र में नेतृत्व करने को भी तैयार हो रहा है। डीप प्रौद्योगिकी से तात्पर्य उन उन्नत वैज्ञानिक खोजों और इंजीनियरिंग नवाचारों से है, जो समाज की जटिल समस्याओं को सुलझाने और उद्योगों में क्रांतिकारी बदलाव लाने की क्षमता रखती हैं। इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एजुकेशन एंड रिसर्च (आईआईएसईआर) कोलकाता में 44 वर्षीय प्राध्यापक डॉ दिब्येंदु दास को उनके इस विलक्षण शोध के लिए राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्म ने विज्ञान के क्षेत्र में युवा शांति स्वरूप भटनागर पुरस्कार से सम्मानित किया है। दिब्येंदु कहते हैं, 'एक जीवित कोशिका को तीन चीजों की जरूरत होती है-सुरक्षा के लिए आवरण, ऊर्जा के लिए भोजन व अस्तित्व बनाए रखने के लिए प्रजनन। इसी प्रकार उनकी मृत्यु भी जरूरी है। इस सिद्धांत का पालन करते हुए हमने कोशिकाओं को विकसित करना षुरू किया था।' इस परिकल्पना को अंजाम तक पहुंचाने के लिए छोटे अणु (मॉलिक्यूल) से एक संरचना तैयार की गई। यह संरचना तभी तैयार हो सकती है, जब इसे पर्याप्त आहार (ऊर्जा) मिले। इन कोषिकाओं को इस तरह बनाया है कि इसमें एक ही छोटा अणु रह पाए, जो बाद में टूटकर छोटे-छोटे टुकड़ों में बिखर जाए। तदुपरांत इससे जो ऊर्जा उत्सर्जित होगी, उसी से जीवित कोषिकाएं विकसित होंगी। दस साल के गंभीर अध्ययन और अनुसंधान के आधार पर प्रयोगशाला में कृत्रिम रूप से ऐसी कोशिकाएं विकसित करने में सफलता भी मिल गई। इन सभी कोशिकाओं में एडेनोसिन ट्राइफॉस्फेट (एटीपी) ऊर्जा वाहक अणु हैं। इसे कोशिका की 'ऊर्जा-मुद्रा' भी कहा जाता है। यह आहार से चयापचय से प्राप्त रासायनिक ऊर्जा को संचित करता है और मांसपेशियों के संकुचन, तंत्रिका आवेगों और आणविक विश्लेषण जैसी जैविक प्रक्रियाओं के लिए तुरंत ऊर्जा प्रदान करता है। ये कोशिकाएं गतिशील रह सकती हैं। अपना आकार बदल सकती हैं और विशेष रासायनिक कार्य कर सकती है। डॉ दिब्येंदु का मत है कि 'मेरा लक्ष्य ऐसी प्रणालियां विकसित करना है, जो बुद्धिमानी से कार्य करें। इसके माध्यम से ऐसी नैनो मशीनें बना ली जाएं, जो इंसानी बाल से हजारों गुना छोटी हों और शरीर के भीतर जाकर सीधे लक्ष्य को साध लें। अर्थात गंभीर बीमारी को अंदर पहुंचकर स्वस्थ बनाने का काम करें। कोषिकाओं के इस पुनर्जीवन से बुढ़ापा लाने वाली क्षरित हो रही कोषिकाओं का भी उपचार किया जा सकेगा। यानी निकट भविश्य में वैज्ञानिक प्रौद्योगिकी बुढ़ापे को दुरुस्त कर चमत्कारिक ढंग से जवानी में बदल देगी।

# कथा के श्रवण से ही जीवन में आता है सदमार्ग: आचार्य ब्रजरज

## उत्तराखंड में प्रथम बार आस्था चौनल पर हुआ हनुमंत कथा का प्रसारण



रुद्रपुर (उद संवाददाता)। श्री सिद्धेश्वर बालाजी मंदिर धाम के आचार्य ब्रजरज अभिषेक जी वशिष्ठ ने बताया कि मध्य प्रदेश के दतिया जिले में पांच दिवसीय हनुमंत कथा का आयोजन किया गया था जो उत्तराखंड के लिए गौरव का विषय है कि राष्ट्रीय चौनल आस्था पर इस पांच दिवसीय हनुमंत कथा का प्रसारण किया गया। सिद्धेश्वर श्री बालाजी मंदिर धाम में पत्रकार वार्ता करते हुए श्री वशिष्ठ ने बताया कि पांच दिवसीय हनुमंत कथा आध्यात्मिक विषयों को लेकर की गई थी। उनकी इस कथा में पीठाधीश्वर श्री गुरु शरण जी महाराज का सानिध्य मिला। इसके अलावा देश भर के संत महापुरुष वहां पहुंचे। जिन्होंने श्रद्धालुओं को आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर देवकीनंदन ठाकुर जी, करौली सरकार, जगतगुरु चक्रपाणि, नारायण शास्त्री, कन्नौज के पीठाधीश्वर सहित देश भर के संत महापुरुष उपस्थित थे। पांच दिवसीय कथा के दौरान हजारों लाखों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे। जहां प्रतिदिन विशाल भंडारे का आयोजन भी किया गया। उन्होंने कहा कि भविष्य में निरंतर बालाजी महाराज का सानिध्य मिलता रहे और युवा पीढ़ी आध्यात्मिक और धर्म की तरफ भी अग्रसर हो। उन्होंने कहा की श्री बालाजी महाराज के आशीर्वाद से कथा श्रवण करने से ही जीवन सदमार्ग पर चलना शुरू कर देता है और श्रद्धालु अपने जीवन में सफलता प्राप्त करते हैं। उन्होंने बताया कि पांच दिवसीय इस हनुमंत कथा को श्री हनुमान जन्मोत्सव की तरह मनाया गया। उनका प्रयास रहेगा कि भविष्य में भी इस प्रकार की कथाओं का आयोजन किया जाए ताकि श्रद्धालु इसका लाभ ले सकें ।श्री वशिष्ठ ने बताया कि राम कथा, हनुमान कथा, श्रीमद् भागवत कथा का प्रवचन कर वह निरंतर युवा पीढ़ी को धर्म के प्रति जागृत करते हैं क्योंकि युवाओं से ही देश का भविष्य है। श्री सिद्धेश्वर बालाजी धाम के महंत श्री रमेश वशिष्ठ जी ने बताया की बालाजी महाराज की कृपा से ही आज वह भक्ति की ओर अग्रसर हैं। बाल्य काल से ही अपनी दादी जी के साथ वह गुरु धाम में श्री बाबा रामेश्वर आनंद जी महाराज राजस्थान के पास प्रत्येक एकादशी को जाते थे और उनके सानिध्य में कीर्तन का श्रवण करते थे। यहां से उनके जीवन में भक्ति की अलख जगी।तरुण अवस्था में वह भक्ति की ओर बढ़ते चले गए। रुद्रपुर शहर में उनके पिताजी कई दशकों तक व्यवसाय करते रहे उनका बचपन इसी शहर में बीता और श्रद्धालुओं और बालाजी महाराज की कृपा से श्री सिद्धेश्वर धाम बनाया गया। जिसकी स्थापना मेहंदीपुर बालाजी महाराज बाबा प्रेतराज सरकार के महंत जी ने की और प्रथम आरती भी उनके ही सानिध्य में की गई।

# मकरंदपुर में काली पूजा महोत्सव की धूम

रूद्रपुर। निकटवर्ती ग्राम मकरंदपुर में श्री श्री महामाया काली पूजा महोत्सव श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस धार्मिक अनुष्ठान में पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की और मां काली के चरणों में मत्था टेककर क्षेत्र की सुख-समृद्धि व खुशहाली की कामना की। कार्यक्रम में पहुँचने पर आयोजकों ने ठुकराल का भव्य स्वागत किया और उन्हें अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने कहा कि शक्ति की अधिष्ठात्री मां काली की



पूजा का भारतीय संस्कृति में विशेष महत्व है। ऐसे धार्मिक आयोजन न केवल हमारी आस्था को सुदृढ़ करते हैं, बल्कि समाज में एकजुटता, आपसी भाईचारा और सकारात्मक ऊर्जा का संचार भी करते हैं। उन्होंने कहा कि त्योहार हमारी सांस्कृतिक विरासत हैं और नई पीढ़ी को अपनी जड़ों से जोड़ने का सशक्त माध्यम हैं। इस दौरान आशीष बाला, गौरव मण्डल, प्रभाष मण्डल, कृष्ण हाल्दार, सपन स्वर्णकार, हरिदास घोष, दिनेश हाल्दार, डा. प्रदीप, रविन्द्र मण्डल, दिलीप सरकार, आनंद सरकार, अपून विश्वास, करन सिंह, किशन लाल, बरीत सिंह, शुभम राय, डा. कार्तिक, संजू दास, शंकर ढाली, गौतम घरामी, संजय ठुकराल, अंकित बठला, नित्यानंद सहित भारी संख्या में श्रद्धालु और गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# सितारगंज में नि:शुल्क आयुष्मान कार्ड कैंप कल

सितारगंज (उद संवाददाता)। क्षेत्र के निर्धन और पात्र परिवारों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से रविवार, 19 अप्रैल को एक विशेष जन-कल्याणकारी शिविर का आयोजन किया जा रहा है। सुहेल ऑनलाइन सर्विस सेंटर के माध्यम से आयोजित होने वाले इस नि:शुल्क आयुष्मान कार्ड कैंप का शुभारंभ मुख्य अतिथि भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिलाध्यक्ष रवि रस्तोगी द्वारा किया जाएगा। कार्यक्रम के संबंध में जानकारी देते हुए आयोजकों ने बताया कि ष्सेवा ही संकल्पष के ध्येय के साथ यह शिविर महाराजा अग्रसेन गली, निकट स्टेट बैंक स्थित सुहेल ऑनलाइन सर्विस सेंटर पर आयोजित होगा। इस कैंप का मुख्य लक्ष्य उन परिवारों को आयुष्मान भारत योजना से जोड़ना है, जो अभी तक इस लाभ से वंचित हैं। रवि रस्तोगी ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए क्षेत्रवासियों से अपील की है कि वे इस अवसर का भरपूर लाभ उठाएं। यह कैंप रविवार को सुबह 8 बजे से दोपहर 2बजे तक चलेगा। आयुष्मान कार्ड बनवाने के इच्छुक लाभार्थियों को अपने साथ आधार कार्ड, राशन कार्ड और आधार से लिंक मोबाइल नंबर लाना अनिवार्य होगा। इन दस्तावेजों के बिना पंजीकरण प्रक्रिया पूरी नहीं हो सकेगी।

# सोशल मीडिया पर महिला और उसके पति को जान से मारने की धमकी

किच्छा । सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर एक अज्ञात व्यक्ति द्वारा महिला और उसके पति को जान से मारने की धमकी दिए जाने का मामला सामने आया है। पीड़िता की लिखित शिकायत पर किच्छा कोतवाली पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।जानकारी के अनुसार, किच्छा कोतवाली अंतर्गत ग्राम गिद्धपुरी निवासी मोनिका पत्नी धर्मेंद्र ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि पिछले कुछ समय से उसके इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक अज्ञात व्यक्ति द्वारा लगातार अभद्र भाषा का प्रयोग किया जा रहा है। आरोप है कि उक्त व्यक्ति न केवल गाली-गलौज कर रहा है, बल्कि पीड़िता और उसके पति की हत्या करने की धमकी भी दे रहा है।लगातार मिल रही धमकियों के कारण पीड़िता और उसका परिवार गहरे खौफ में है। पीड़िता ने आरोपी द्वारा भेजे गए धमकी भरे संदेशों के स्क्रीनशॉट साक्ष्य के रूप में पुलिस को सौंपे हैं। पुलिस ने महिला की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ संबंधित धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर लिया है। साइबर सेल की मदद से आरोपी की पहचान करने के प्रयास किए जा रहे हैं। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपी को ट्रेस कर कार्रवाई की जाएगी।

# विपक्ष ने मातृशक्ति के साथ किया विश्वासघात: चुघ

रूद्रपुर । वरिष्ठ भाजपा नेता भारत भूषण चुघ ने महिला आरक्षण विधेयक (नारी शक्ति वंदन अधिनियम) के संसद में पारित न हो पाने पर विपक्षी दलों को आड़े हाथों लिया है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार द्वारा मातृशक्ति के सम्मान और



सशक्तीकरण के लिए लाए गए इस ऐतिहासिक प्रस्ताव का कांग्रेस, समाजवादी पार्टी और टीएमसी समेत समूचे विपक्ष ने विरोध कर अपनी महिला विरोधी मानसिकता का परिचय दिया है। जारी बयान में भारत भूषण चुघ ने कहा कि दशकों से लंबित पड़े महिला आरक्षण बिल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने पूरी ईमानदारी के साथ सदन के पटल पर रखा था। इस बिल का उद्देश्य देश की लाखों-करोड़ों महिलाओं की संसद और विधानसभाओं में भागीदारी सुनिश्चित करना था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह ने सदन के सामने इस विधेयक की आवश्यकता और महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला था, लेकिन विपक्षी दलों ने एकजुट होकर इसके खिलाफ मतदान किया, जिससे यह महत्वपूर्ण बिल पास नहीं हो सका। चुघ ने तीखा प्रहार करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के विरोध में अंधा हो चुका विपक्ष अब देशहित के निर्णयों को भी रोकने पर उतारू है। उन्होंने कहा कि विपक्षी दलों का यह कृत्य देश की महिलाओं के साथ एक बड़ा धोखा है। जो दल बाहर महिला सम्मान की बातें करते हैं, उन्होंने संसद के भीतर उनके अधिकारों का गला घोंटने का काम किया है। उन्होंने चेतावनी भरे लहजे में कहा कि देश की जागरूक महिला शक्ति विपक्ष के इस दोहरे चरित्र को देख रही है और आने वाले समय में इसका करारा जवाब देगी। उन्होंने कहा कि श्इंडी गठबंधनश ने अपने स्वार्थ के चलते महिलाओं को सर्वोच्च सदन में पहुँचने से वंचित किया है, जिसके लिए जनता उन्हें कभी माफ नहीं करेगी। भाजपा नेता ने संकल्प दोहराया कि पार्टी महिलाओं के अधिकारों की लड़ाई सड़क से सदन तक जारी रखेगी और विपक्ष के इस विश्वासघात को जन-जन तक पहुँचाएगी।

# मेधावी सिख छात्रों को मिलेगी नीट-जेईई की मुफ्त कोचिंग

गदरपुर(उद संवाददाता)। मीरी पीरी खालसा चौरिटेबल ट्रस्ट ने समाज के मेधावी और जरूरतमंद छात्रों के भविष्य को उज्ज्वल बनाने की दिशा में एक सराहनीय कदम उठाया है। ट्रस्ट द्वारा नीट और जेईई की तैयारी कर रहे 15 मेधावी सिख लड़कों को मुफ्त कोचिंग के साथ-साथ रहने की सुविधा भी प्रदान की जाएगी।ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने क्षेत्र के विभिन्न स्कूलों के प्रधानाचार्यों और प्रबंधकों से अनुरोध किया है कि वे अपनी संस्थाओं में कक्षा 12वीं में पढ़ रहे उन होनहार छात्रों का नामांकन करें, जो आर्थिक अभाव के कारण कोचिंग ले पाने में असमर्थ हैं। इस पहल का उद्देश्य योग्य छात्रों को बिना किसी बाधा के प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयार करना है। चयन प्रक्रिया के तहत आगामी 20 अप्रैल और 6 मई को प्रवेश परीक्षा आयोजित की जाएगी। इच्छुक छात्रों को अपना नाम, 10वीं व 12वीं के अंक, संपर्क नंबर और अपनी अन्य शैक्षणिक उपलब्धियों का संक्षिप्त विवरण जमा करना होगा। इस संबंध में अधिक जानकारी और नामांकन के लिए ट्रस्ट के संपर्क नंबर +91-8193890001 पर संपर्क किया जा सकता है। ट्रस्ट की इस पहल की शिक्षा जगत और अभिभावकों द्वारा व्यापक सराहना की जा रही है।



गल्ला मण्डी रूद्रपुर में निशान यात्रा निकालते श्रद्धालु

# तीस लीटर कच्ची शराब के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

नानकमत्ता। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, जनपद ऊधम सिंह नगर के निर्देशानुसार अवैध नशे के कारोबार के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत कोतवाली नानकमत्ता पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। प्रभारी निरीक्षक श्रीमती मंजू पांडे के नेतृत्व में पुलिस टीम ने सख्त कार्रवाई करते हुए एक व्यक्ति को अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, दिनांक 17 अप्रैल की देर शाम को चौकी प्रतापपुर क्षेत्र में पुलिस द्वारा चेकिंग के दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति को रोका गया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से लगभग 30 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की गई। पुलिस ने मौके पर ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान रोशन लाल उम्र 55 वर्ष, पुत्र भैरव प्रसाद, निवासी भद्रक की गोटिया, थाना देवरिया, तहसील बरेली, जिला बरेली हाल पता: वार्ड 11, भूड महोलिया, थाना खटीमा, जनपद ऊधम सिंह नगर के रूप में हुई है। पुलिस टीम में में चौकी प्रभारी प्रतापपुर उपनिरीक्षक राजेंद्र पंत, कांस्टेबल राजकुंवर सिंह,कांस्टेबल गिरीश चंद्र शामिल थे।



## पेज एक का शेष...

**चारधाम यात्र का....**साथ-साथ मानसखंड मंदिर माला मिशन के तहत कुमाऊं क्षेत्र के प्राचीन मंदिरों को भी विकसित किया जा रहा है, ताकि श्रद्धालु पूरे उत्तराखंड की दिव्यता का अनुभव कर सकें। संबोधन के पश्चात मुख्यमंत्री ने संयुक्त रोटेशन की बसों के पास जाकर यात्रियों का अभिवादन किया और उन्हें माला पहनाकर यात्रा की शुभकामनाएं दीं। अंत में मुख्यमंत्री ने औपचारिक रूप से रिबन काटकर और हरी झंडी दिखाकर बसों को रवाना किया। श्जय बद्री विशालश और श्बाबा केदारश के जयकारों के बीच बसों का काफिला ऋषिकेश से पहाड़ी मार्गों की ओर बढ़ा। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री प्रेमचंद्र अग्रवाल, क्षेत्रीय विधायक, संयुक्त रोटेशन यात्रा समिति के अध्यक्ष व पदाधिकारी, चारधाम विकास परिषद के सदस्य और जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

**कार की टक्कर से ऑटो....**और अन्य परिजनों के साथ ऑटो संख्या यूके 04 टीबी-2641 से लालकुआं जा रहे थे। इसी दौरान आईओसी डिपो के सामने हाईवे पर बने कट को पार कर रही कार संख्या यूके 04ए एन4247 से ऑटो की तेज भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ऑटो पलट गया। जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। ऑटो सवार लोगों में चीख पुकार शुरू हो गई। बताया जाता है ऑटो में चार बच्चों समेत कुल नौ लोग सवार थे। हादसे में गफूर बस्ती निवासी रोजी पत्नी शाहरुख, उम्र 28 वर्ष की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं शाहरुख पुत्र रफीक, 35 वर्ष, उनके चार बच्चे अरहान 10 वर्ष, अर्श 8 वर्ष, उजैर 4 वर्ष और मन्नत 4 माह, साथ ही ऑटो चालक शोएब का पुत्र रफीक पुत्र मुकद्दस 45 वर्ष और मेहरू बी अंसारी 14 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही हल्दूचौड़ चौकी प्रभारी शंकर सिंह नयाल के नेतृत्व में पुलिस टीम मौके पर पहुंची और सभी घायलों को तुरंत हल्द्वानी के अस्पताल भेजा गया। जहां चिकित्सकों ने रोजी को मृत घोषित कर दिया। मामले की जानकारी मिलने पर उनके परिजन भी आ गए। पुलिस ने शव अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हाऊस भिजवाया। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया।

**ऑनलाइन ट्रेडिंग के...**धनराशि ट्रांसफर करवानी शुरू कर दी। ठगों ने 02 मार्च से 02 अप्रैल 2026 के बीच कुल 4,64,871 रुपये की धनराशि ऑनलाइन हड़प ली। खाते से बड़ी रकम गायब होने का पता चलने पर परिजनों के होश उड़ गए। आईटीआई कोतवाली पुलिस ने राजेंद्र कुमार की तहरीर पर अज्ञात ठगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस साइबर सेल की मदद से ट्रांजेक्शन डिटेल्स और टेलीग्राम आईडी को खंगाल रही है ताकि आरोपियों तक पहुँचा जा सके।

**गूलरभोज और दिनेशपुर में ....**शामिल है। उन्होंने सख्त लहजे में कहा कि जनहित और विकास कार्यों के लिए सरकारी भूमि का खाली होना अनिवार्य है और यह अभियान भविष्य में भी लगातार जारी रहेगा। जिलाधिकारी ने साफ किया कि किसी भी प्रकार के दबाव में अवैध कब्जों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। वहीं अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय ने बताया कि सिंचाई विभाग की भूमि पर बिना किसी वैध अनुमति के बनाए गए तीन धार्मिक ढांचों को हटाकर भूमि को कब्जे से मुक्त कराया गया है। उन्होंने जानकारी दी कि संबंधित पक्षों को दस्तावेज दिखाने के लिए पूरा मौका दिया गया था लेकिन कोई भी वैध प्रमाण प्रस्तुत नहीं कर सका। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि यह पूरी कार्रवाई सर्वोच्च न्यायालय के पुराने दिशा-निर्देशों के अनुपालन में की गई है जिसके तहत सार्वजनिक स्थलों और सरकारी भूमि पर बिना अनुमति के बनाए गए धार्मिक ढांचों को हटाना अनिवार्य है। क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए भारी संख्या में पुलिस और पीएसी के जवान तैनात रहे।

**वेतन वृद्धि की मांग को ....** बढ़ती महंगाई में उनके वेतन में वृद्धि न होने से उनके समक्ष लगातार आर्थिक परेशानियां आ रही हैं। बच्चों की फीस, दो वक्त का भोजन, कपड़ा, घर का दैनिक उपयोग का सामान खरीदने, कमरे का किराया, टेम्पो खर्चा आदि के लिए पैसे जुटाना मुश्किल हो गया है। ऐसे में उनके समक्ष इस कम्पनी में काम करने के बजाय कहीं और उपयुक्त स्थान पर नौकरी करना ही ठीक है। इस दौरान शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए जो कम्पनी गेट पर भारी संख्या में पुलिस बल भी मौजूद रहा। जो रोषित श्रमिकों को शांत करते दिखाई दिया।

**विज्ञापन सूचीबद्धता समिति....**ये सभी सदस्य विभिन्न पत्रकार संगठनों और यूनियनों से जुड़े हुए हैं, जिन्हें मीडिया क्षेत्र का लंबा अनुभव है। मीडिया हितों की रक्षा की उम्मीद पत्रकारों ने कहा कि समिति में अनुभवी और जमीनी स्तर से जुड़े पत्रकारों को शामिल किया जाना सकारात्मक कदम है। इससे छोटे और मध्यम वर्ग के समाचार पत्रों को भी लाभ मिलने की उम्मीद है। साथ ही विज्ञापन वितरण और सूचीबद्धता प्रक्रिया में पारदर्शिता आएगी। समिति का कार्यकाल आदेश जारी होने की तिथि से दो वर्ष तक प्रभावी रहेगा। इस दौरान सदस्य राज्य के प्रिंट मीडिया से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर अपनी भूमिका निभाएंगे।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड, रुद्रपुर, ऊध्मसिंहनगर ;उत्तराखण्डद्धसे मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक- परमपाल सुखीजा
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
पफोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# जन शिकायत की पड़ताल करने मौके पर पहुंचे सीएम

## वीडियो कॉल के जरिए अधिकारियों को दिखाई स्थिति, सीएम हेल्पलाइन पर दर्ज शिकायत पर लिया एक्शन

देहरादून(उद संवाददाता)। सीएम हेल्पलाइन पर आई शिकायत को फाइलों में हल करने के बजाय, मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को के जाखन निवासी विवेक मदान ने, राजपुर रोड पर विद्युत लाइन अंडरग्राउंड किए जाने के कारण फुटपाथ को हुए नुकसान की शिकायत अंडरग्राउंड लाइन बिछा डाली। लेकिन इस दौरान मिट्टी का भरान ठीक से नहीं किया गया, जिस कारण फुटपाथ की टाइल्स बैठ गई हैं। इससे फुटपाथ का पड़ताल करने सीधे जाखन का रुख किया।मुख्यमंत्री ने शिकायतकर्ता विवेक मदान को साथ लेकर अपने मोबाइल से ही अधिकारियों को वीडियो कई जगह बिजली लाइन ऊपर दिखाई दे रही है। जिस कारण जन सामान्य को खतरा पैदा हो सकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अधिकारी प्लानिंग के साथ पर इसी तरह नियमित निरीक्षण करेंगे। उन्होंने मुख्य सचिव श्री आनंद बर्द्धन को निर्देश दिए कि प्रदेश में यदि कहीं और भी इस तरह की शिकायत आ रही






खुद मौके पर जाकर जन समस्याओं की पड़ताल की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कार्य में लापरवाही पर नाराजगी जताते हुए, अधिकारियों को समन्वय के साथ कार्य पूरा करने के निर्देश दिए।देहरादून सीएम हेल्पलाइन पर दर्ज कराई थी। मदान ने शिकायत में उल्लेख किया था कि जाखन में पहले सड़क किनारे फुटपाथ बनाया गया, बाद में यूपीसीएल ने इस फुटपाथ को खोदकर, पूरा लाभ लोगों को नहीं मिल पा रहा है।शुक्रवार को मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी को सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा करनी थी, लेकिन सीएम ने समीक्षा बैठक से पहले शिकायत की कॉल के जरिए फुटपाथ की स्थिति दिखाई। मुख्यमंत्री ने स्थिति पर नाराजगी जताते हुए कहा कि विभाग समन्वय के साथ कार्य करें। उन्होंने कहा कि अंडरग्राउंड होने के बावजूद काम करें, वरना बार बार कार्य होने से एक और पब्लिक को परेशानी का सामना करता है, वहीं धन की भी बर्बादी होती है।मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि वे प्रदेश भर के आगामी दौरों है तो उन्हें दूर किया जाए, इसके लिए प्रदेश भर में अभियान चलाया जाए। मुख्यमंत्री ने इस दौरान स्थानीय दुकानदारों और निवासियों से भी बातचीत की और उनसे फीडबैक भी लिया।

# दमकल को मिला दम 17 हाइडेंट का हुआ निर्माण

**सिडकुल में हाइडेंट के लिए प्रसिद्ध फैक्ट्री ने हाथ खींचे**

सितारगंज। गर्मी की तपिश के साथ ही हाथ की घटनाओं से उठने वाली लपटों को समय रहते फैलने से रोकने के लिए 17 हाइडेंट का निर्माण हुआ है। इन हाइडेंट की मदद से दमकल विभाग को काफी दम मिल गया है। लेकिन सिडकुल में एक प्रसिद्ध फैक्ट्री ने पुराने हाइडेंट को बंद कर दमकल विभाग को चिंता में डाल दिया। इस वजह से फैक्ट्रियां और आस पास की आबादी को आग की घटनाओ में नुकसान होने का अंदेशा बढ़ गया। भीषण गर्मी में आपकी घटनाएं बढ़ जाती हैं। शहरी और नगरीय क्षेत्र में पर्याप्त संख्या में हाइडेंट नहीं होने के कारण फायर ब्रिगेड को आग बुझाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। इस वजह से आग की घटनाओं में असम का से अधिक क्षति पहुंचती थी। सितारगंज नगरीय क्षेत्र में आग की कई बड़ी घटनाएं पूर्व में सामने आई है। जिसमें संभवत फायर ब्रिगेड को दमकल वाहनों में पानी के लिए कृषि उत्पादन मंडी समिति दौड़ना पड़ता था। इससे समय की बर्बादी होती थी और आग की लपटों फैल जाती थीं। फायर ब्रिगेड ने इस स्थिति से निपटने के लिए कई स्थानों पर हाइडेंट के लिए पत्राचार किया था। वर्तमान में शहरी क्षेत्र में फायर ब्रिगेड के लिए पानी के तीन हाइडेंट का निर्माण हुआ हैं। जिसमें कोतवाली के समीप, नकुलिया चौराहा स्थित जल संस्थान कार्यालय एवं नवीन हाइडेंट आंबेडकर पार्क के समीप बनाया गया हैं। अग्निशमन अधिकारी दुर्गा सिंह भंडारी ने बताया कि सितारगंज से नानकमत्ता 17 पानी के हाइडेंट का निर्माण हुआ है। नए ओवरहेड टैंक के में हाइडेंट बनाए गए हैं। इससे आग की लपटों को समय रहते फैलने से रोकने में काफी राहत मिलेगी। जल संस्थान के जेई संजीव नाथ गोस्वामी ने बताया कि नकुलिया मार्ग स्थित अंबेडकर पार्क के अलावा अन्य स्थानों पर हाइडेंट का निर्माण कराया गया है। उन्होंने बताया की अमरिया चौक में पानी का लीकेज बंद करने के लिए संबंधित विभाग को पत्राचार किया है।



# सरकारी बस अड्डे से प्राइवेट वाहनों में ढोई जा रही सवारियां

## प्रतिमाह लाखों की चपत, अधिकारियों की कार्यशैली सवालों के घेरे में

काशीपुर(उद संवाददाता)। सरकारी बस अड्डे से दूर दराज की यात्रा करने वाले दर्जनों यात्रियों को प्रतिदिन प्राइवेट वाहनों में ढोया जा रहा है। डग्गामारी के कारण बस अड्डे के आसपास का माहौल खराब हो चुका है तो वहीं सरकार के राजस्व को भी लाखों की चपत लग रही है। पूरे प्रकरण में मजे की बात यह है कि परिवहन विभाग, ट्रैफिक पुलिस व सीपीयू मामला संज्ञान में होने के बावजूद कार्यवाही से परहेज कर रहे हैं। जानकारी के मुताबिक लापरवाह कार्यशैली एवं गलत नीतियों के कारण पिछले कुछ समय से बाजपुर रोड स्थित रोडवेज बस स्टैंड से प्राइवेट वाहनों में सवारियां ढोई जा रही है। सवारी बैठने को लेकर आए दिन यहां झगड़ा फसाद



की नौबत बनी रहती है। जानकार बताते हैं कि काशीपुर के रोडवेज बस स्टैंड से रुद्रपुर किच्छा खटीमा की ओर चलने वाले प्राइवेट वाहन स्कूलों में लगे हैं। पता चला है कि स्कूली बच्चों को विद्यालय से गंतव्य तक पहुंचाने के बाद यह रुद्रपुर की ट्रिप लगाने के लिए रोडवेज बस स्टैंड के बाहर गेट के समीप एकत्रित हो जाते हैं। अपराह्न बाद प्राइवेट वाहनों की धींगामुश्ती नंगी आंख देखा जा सकता है। इसी तरह कुछ टैक्सी नंबर की गाड़ियां भी रोडवेज बस स्टैंड से सवारियां उठाकर सरकार के राजस्व को लगातार चपत लगा रही हैं।

# उपखनिज लेकर जा रहे ट्रैक्टर में लगी भीषण आग

**कठियापुल गेट के पास वाहन में अचानक भड़की आग, चालक ने कूदकर बचाई जान**



रामनगर(उद संवाददाता)। रामनगर के कोसी नदी क्षेत्र में उपखनिज लेकर जा रहे एक ट्रैक्टर में अचानक भीषण आग लग गई। देखते ही देखते ट्रैक्टर आग के गोले में तब्दील हो गया जिससे मौके पर अफरा तफरी मच गई।रामनगर के कोसी नदी के कठियापुल गेट के पास यह हादसा उस वक्त हुआ जब नदी से उपखनिज लादकर एक ट्रैक्टर बाहर निकल रहा था। बताया जा रहा है कि यह अर्जुन ट्रैक्टर था जिसका नंबर 2919 है। ट्रैक्टर में आग किन कारणों से लगी इसका खुलासा फिलहाल नहीं हो पाया है लेकिन आग इतनी तेजी से फैली कि चालक को वाहन से कूदकर अपनी जान बचानी पड़ी। कुछ ही पलों में पूरा ट्रैक्टर आग की चपेट में आ गया और धू धू कर जलने लगा।मौके पर मौजूद प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक आग ने विकराल रूप ले लिया था और लपटें इतनी तेज थीं कि आसपास मौजूद लोग पास जाने की हिम्मत नहीं जुटा सके। घटना का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है जिसमें साफ देखा जा सकता है कि ट्रैक्टर आग के गोले की तरह जल रहा है और लोग दूर खड़े होकर असहाय नजर आ रहे हैं। गनीमत यह रही कि इस अग्निकांड में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है। समाचार लिखे जाने तक ट्रैक्टर का अधिकांश हिस्सा जलकर खाक हो चुका था और आग बुझाने के प्रयास जारी थे। स्थानीय प्रशासन इस बात की जांच कर रहा है कि आग शॉट सर्किट की वजह से लगी या कोई अन्य तकनीकी खराबी थी।

# काशीपुर नगर निगम में नौकरी दिलाने को गैंग सक्रिय

काशीपुर। नगर निगम काशीपुर द्वारा जारी एक महत्वपूर्ण विज्ञप्ति में शहरवासियों को फर्जी नियुक्ति के नाम पर हो रही ठगी से सतर्क रहने की सलाह दी गई है। निगम प्रशासन के अनुसार, कुछ संगठित गिरोह नगर निगम में नौकरी दिलाने का झांसा देकर युवाओं से अवैध रूप से धन वसूल रहे हैं, जिससे न केवल आम लोगों को आर्थिक नुकसान हो रहा है बल्कि नगर निगम की छवि भी प्रभावित हो रही है। मुख्य नगर आयुक्त ने स्पष्ट किया है कि नगर निगम स्तर पर इस प्रकार की किसी भी नियुक्ति का कोई प्रावधान नहीं है। सभी नियुक्तियां शासन स्तर से विधिवत विज्ञप्ति जारी होने के बाद ही की जाती हैं। ऐसे में यदि कोई व्यक्ति या संस्था नौकरी दिलाने के नाम पर पैसे की मांग करता है, तो वह पूरी तरह अवैध है। नगर निगम ने नागरिकों से अपील की है कि वे इस तरह के मामलों में स्वयं या अपने प्रतिनिधि के माध्यम से सीधे नगर निगम से जानकारी प्राप्त करें और किसी भी प्रकार की अवैध वसूली से बचें। जारी इस सूचना में यह भी कहा गया है कि संदिग्ध गतिविधियों की जानकारी तुरंत प्रशासन को दें, ताकि ऐसे गिरोहों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा सके।